# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 21 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण छह- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 75 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ सुंदरता के लिए भी वरदान है तुलसी

ईद के साथ होली भी मनाएंगे सिकंदर ◂◂ 6




## बेपटरी हुई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल ट्रेन, मचा हड़कंप

**पटनाः** छठ पूजा के बाद काम पर लौट रहे लोगों के लिए चलाई जा रही गाड़ी संख्या 04068 दिल्ली-दरभंगा स्पेशल ट्रेन बुधवार बेपटरी हो गई। रेलवे अधिकारियों की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक पश्चिमी चंपारण के हरिनगर रेलवे स्टेशन पर रात 12 बजे के करीब ट्रेन की एक बोगी बेपटरी हो गई। हालांकि इस घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं मिली है। लेकिन ट्रेन के बेपटरी होने की खबर मिलते ही सफर कर रहे यात्रियों में हड़कंप मच गया।

**चार घंटे तक हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही ट्रेनः** ट्रेन की बोगी के बेपटरी हो जाने से एक तरफ जहां यात्री हैरान और परेशान दिखे। वहीं, रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रेन की बोगी को पटरी पर लाने में जुट गए। जिस कारण लगभग चार घंटे तक गाड़ी हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। घटना की सूचना पर पहुंची एआरटी की टीम ने बेपटरी हुई बोगी को गाड़ी से काट कर अलग कर इसको सुबह लगभग 3 155 बजे इसको रवाना किया गया

**ट्रेन की रफ्तार कम होने से नहीं हुआ हादसाः** स्टेशन मास्टर

हादसे के दौरान ड्यूटी पर मौजूद स्टेशन मास्टर रीतेश कुमार ने इस संबंध में बताया कि दिल्ली - दरभंगा स्पेशल ट्रेन हरिनगर रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान उसके एक जनरल बोगी के बेपटरी होने से गाड़ी अचानक रुक गई। हालांकि इस दौरान ट्रेन की रफ्तार कम थी। इस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है कि कहीं ट्रेन को बेपटरी करने के लिए किसी तरह का कोई षड्यंत्र तो नहीं रचा गया था।

# दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, सात की मौत, 25 से ज्यादा घायल

■ कोलकाता से पटना जा रही थी बस ■ बस का शीशा तोड़कर ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकाला



मेट्रो रेज

**हजारीबाग :** जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या के बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। 25 से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बस कोलकाता से पटना जा रही थी। सुबह करीब 6.30 बजे बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे के पास पलट गई। ज्यादातर यात्री नींद में थे। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

दुर्घटनाग्रस्त बस की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चार अन्य की अस्पताल जाते समय मौत हो गई। जीटी रोड पर सिक्स लेन निर्माण के लिए जगह-जगह मिट्टी काटी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक जगह गड्ढे की वजह से लेन बदलने के दौरान बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

लोगों का कहना है कि सिक्स लेन सड़क निर्माण की गति बेहद धीमी है। गोरहर से लेकर चौपारण तक कई जगहों पर महीनों से पिलरों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर गड्ढे किए गए हैं। इस वजह से सड़क पर लगातार हादसे हो रहे हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंची है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

## सीएम हेमंत सोरेन और बाबूलाल ने किया दुख व्यक्त

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में सड़क हादसे में कई लोगों के मरने की खबर से मन दुखी है। परमात्मा दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 3 लोगों और अन्य घायलों को आवश्यक सहयोग और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र में यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 7 लोगों के मृत्यु की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हादसे में घायल सभी लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें एवं दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।



## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**सुकमाः** छत्तीसगढ़ में दाखिल हो रहे नक्सलियों से सुरक्षाबल के जवानों की गुरुवार को सुकमा-ओडिशा सीमा में मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ ओडिशा पुलिस के साथ हुई है। इस मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की खबर है। वहीं एक जवान घायल हो गया है। फिलहाल इलाके में तलाशी तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ ओडिशा पुलिस के साथ सुकमा जिले के एराबोर की सीमा पर हुई है। बड़ी संख्या में ओडिशा के नक्सलियों की छत्तीसगढ़ में दाखिल होने की सूचना जवानों को मिली थी। सभी नक्सली एराबोर सीमा से सुकमा जिले में दाखिल हो रहे थे। इसी दौरान जवानों के साथ मुठभेड़ हो गई। ओडिशा पुलिस के एक जवान को गंभीर चोटें आईं जबकि अन्य जवानों ने मिलकर नक्सलियों से मोर्चा लिया। मुठभेड़ उड़ीसा के मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी के किनारे हुई। यह क्षेत्र नक्सल गतिविधियों के लिए जाना जाता है। सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई से छत्तीसगढ़ में नक्सली अब बैकफुट पर आ गए हैं। तमाम बड़े नेताओं के मारे जाने के बाद अब दूसरे राज्यों में सक्रिय नक्सली छत्तीसगढ़ में दाखिल हो रहे हैं।

## घने कोहरे के कारण आपस में टकराए सात वाहन, 26 घायल

**बरेली :** जिले में बृहस्पतिवार सुबह घने कोहरे के कारण सात वाहन आपस में टकरा गए जिससे 26 लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी क्षेत्र) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना सुबह करीब आठ बजे भोजीपुरा थाना क्षेत्र केबरेली-नैनीताल मार्ग पर जादोपुर के पास की है जब सात वाहन आपस में टकरा गये। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए वाहनों में एसआरएमएस इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज की बस भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 26 लोग घायल हुए हैं। उनमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जाती है जिन्हें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

### दिल्ली में प्रदूषण से हाल बेहाल

# कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार, सांस लेना भी हुआ मुश्किल



**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर (में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में (सीपीसीबी) के मुताबिक, गुरुवार सुबह 7:15 बजे तक राजधानी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 389 पर बना हुआ था, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और नागरिकों को विशेष सतर्कता बरतने की चेतावनी दी गई है।

दिल्ली के अलावा, आसपास के शहरों में भी प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। फरीदाबाद में एक्यूआई 237, गुरुग्राम में 328, गाजियाबाद में 290, ग्रेटर नोएडा में 223 और नोएडा में 261 अंक दर्ज किया गया है। दिल्ली के 12 इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच चुका है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। अलीपुर में 408, आनंद विहार में 405, अशोक विहार में 414, बवाना में 418, द्वारका सेक्टर 8 में 401, जहांगीरपुरी में 435, मुंडका में 413, नेहरू नगर में 411, पंजाबी बाग में 407, रोहिणी में 407, शादीपुर में 412 और वजीरपुर में 436 है।

इसके अलावा, दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 और 400 के बीच बना हुआ है। इन इलाकों में प्रदूषण का स्तर भी चिंताजनक है। आया नगर में 369, चांदनी चौक में 339, मथुरा रोड में 343, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 368, डीटीयू में 360, आईजीआई एयरपोर्ट में 370, दिलशाद गार्डन में 341, आईटीओ में 365, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 354, लोधी रोड में 335, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 372, महेंद्र मार्ग में 365, नजफगढ़ में 366, नरेला में 395, नॉर्थ कैंपस डीयू में 356, एनएसआईटी द्वारका में 365, ओखला फेस-2 में 389, पटपड़गंज में 381, आर के पुरम में 389, सिरी फोर्ट में 373, सोनिया विहार में 394 और श्री अरविंदो मार्ग का एक्यआई 360 दर्ज किया गया। बता दें कि राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से सांस लेना दुश्वार हो गया है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए सोमवार से दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण (ग्रैप-4) को लागू कर दिया गया है। ग्रैप-4 लागू किए जाने के बाद वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा कई कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। दिल्ली में कारखानों, निर्माण कार्यों, और यातायात पर कड़ी पाबंदियां लगाई गई है। आपको बताते चलें, प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है और औसत एक्यूआई 450 को पार कर जाता है तो ग्रैप का चौथा चरण लागू किया जाता है। ग्रैप-4 लागू होने के बाद प्रतिबंध सबसे ज्यादा और सबसे कड़े होते हैं। राजधानी में ट्रक, लोडर समेत अन्य भारी वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने की इजाजत नहीं है।



## अडानी जी को तुरंत अरेस्ट किया जायेः राहुल गांधी

**नई दिल्लीः** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि गौतम अडानी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनके संरक्षक माधबी पुरी बुच की जांच की जानी चाहिए। राहुल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि यह अब अमेरिका में बिल्कुल स्पष्ट और स्थापित हो गया है कि अडानी ने भारतीय कानून और अमेरिकी कानून दोनों को तोड़ा है। उन्हें अमेरिका में दोषी ठहराया गया है। मुझे आश्चर्य हो रहा है कि मिस्टर अडानी इस देश में एक आजाद आदमी के इर्द-गिर्द क्यों घूम रहे हैं। मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अडानी ने जाहिरा तौर पर 2000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है और शायद कई अन्य घोटाले भी किए हैं, लेकिन वह बेदाग घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इसे बार-बार उठाते रहे हैं। यह उस बात की पुष्टि है जो हम कह रहे हैं, प्रधानमंत्री अडानी की रक्षा कर रहे हैं और प्रधानमंत्री अडानी के साथ भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इस मुद्दे को उठाऊं। पीएम मोदी 100% इस आदमी की रक्षा कर रहे हैं। इस आदमी ने भ्रष्टाचार के जरिए भारत की संपत्ति हासिल की है।' उनहोंने कहा कि वह भाजपा को समर्थन देते हैं, यह स्थापित है। हम इसे दोहराएंगे। जेपीसी हमारी मांग है लेकिन हम चाहते हैं कि अडानी को गिरफ्तार किया जाए। लेकिन हम जानते हैं कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा क्योंकि भारत के पीएम अडानी का समर्थन करते हैं, वह उनके संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि जेपीसी जरूरी है, होनी चाहिए लेकिन अब सवाल ये है कि अडानी जेल में क्यों नहीं हैं? उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी एजेंसी ने कहा है कि उन्होंने भारत में अपराध किया है, रिश्वत की पेशकश की है, बढ़ी कीमतों पर बिजली बेची है। राहुल ने कहा कि पीएम कुछ नहीं कर रहे हैं, वो कुछ नहीं कर सकते। अगर वह कुछ करना भी चाहे तो नहीं कर सकता क्योंकि उस पर अडानी का नियंत्रण है। नोट कर लें, उन्होंने 2000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। लेकिन मैं आपको गारंटी देता हूं, इस आदमी को न तो गिरफ्तार किया जाएगा और न ही जांच का सामना करना पड़ेगा क्योंकि पीएम उससे जुड़े हुए हैं।

# नरेंद्र मोदी को मिला गुयाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली :** गुयाना के राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद इरफान अली ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया। पीएम नरेंद्र मोदी गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे विदेशी नेता हैं।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के लिए एक और उपलब्धि! गुयाना के राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद इरफान अली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्लोबल समुदाय के लिए उनकी असाधारण सेवा, स्टेट्समैनशिप और भारत-गुयाना संबंधों को गहरा करने में योगदान के लिए देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया।

इस मौके पर राष्ट्रपति इरफान कहा कि प्रौद्योगिकी, इनोवेशन और डिजिटलीकरण का उपयोग देशों के बीच की दूरी को बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इन प्रगतियों का उपयोग दूरी और गरीबी को कम करने तथा विश्व को एक साथ लाने के लिए किया जाना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस सम्मान के लिए गुयाना के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मुझे गुयाना का सर्वोच्च सम्मान, द्यद ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति डॉ इरफान अली को तहे दिल से धन्यवाद। यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति इरफान अली ने इन संबंधों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने में बहुत योगदान दिया। आज की चचाओं में मैंने भारत के लोगों के प्रति उनके स्नेह और आदर को महसूस किया। भारत भी गुयाना के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार है। दो लोकतंत्रों के रूप में हमारा सहयोग केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं बल्कि पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, अनेक नदियां, झरना और झीलों से समृद्ध गुयाना को अनेक जलों की भूमि कहा जाता है। जिस प्रकार से गुयाना की नदियां यहां के लोगों की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, उसी प्रकार भारत की गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी महान नदियां हमारी प्राचीन सभ्यता का जन्म स्थल रही है। भारत और गुयाना के बीच समानताओं के ऐसे कई उदाहरण हैं जो हमारे ऐतिहासिक संबंधों और भी गहरा करते हैं।





## न्यूज ब्रीफ

### सिल्ली विस क्षेत्र में 76.7 प्रतिशत हुआ मतदान



**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 76.7 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं प्रखंड में 74.59 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले विधानसभा चुनाव से 3.40 प्रतिशत अधिक रहा। शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराने में 900 से अधिक सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। वहीं कई बूथों पर चिकित्सा दल एंबुलेंस भी खड़ी थी। सिल्ली के 111 बूथों पर वेबकॉस्टिंग के जरिये सीधे मॉनिटरिंग की जा रही थी। लगाम मतदान केंद्र को फूलों से सजाया गया था। चुनाव के दौरान कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इलाके में मतदान को लेकर मतदाताओ में काफी उत्साह देखा गया। सुबह छह बजे से ही लोग मतदान के लिए कतार पर लग गए थे। सिल्ली मेन रोड, पतराहातू मेन रोड, मुरी मेन रोड आदि जगह की दुकानें बंद रहीं। मतदान पहले जलपान बाद का माहौल रहा। मतदान के बाद बाजार की दुकानें खुलीं। मतदान के प्रति युवा, महिला, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदातओं में उत्साह देखा गया। दिव्यांग मतदाताओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। सिल्ली के दुर्गम क्षेत्र के बूथों पर सुरक्षाबलों का कड़ा पहरा था, जहां पर कड़ी चौकसी बरती जा रही थी। इस दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, बीडीओ अनिल कुमार और सीओ अरुणिमा एक्का समेत अन्य अधिकारी लगातार सभी बूथों का समय-समय पर निगरानी करते नजर आए।

### कैंची करेगी झामुमो व आजसू दोनों की किस्मत तय

**सिल्ली :** सिल्ली में झामुमो और आजसू के बीच मुख्य मुख्य मुकाबला है। मतदाताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर यह कहा जा सकता है कि कैंची के धार ही दोनों प्रत्याशियों की किस्मत तय करेगी, कैंची ने तेजी से दोनों के वोट में सेंधमारी की है ।

### रेलवे के हटिया यांत्रिकी विभाग में फायर एक्सटेंग्यूसर फटा, एक कर्मी का पैर टूटा

**रांची:** रेलवे के हटिया यांत्रिकी विभाग में फायर एक्सटेंग्यूसर फटने से 4 रेल कर्मी घायल हो गए। इसमें एक कर्मी का पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार हटिया रेलवे स्टेशन के यार्ड में फायर एक्सटेंग्यूसर को जांच करने के क्रम में उसके नोजल में लीकेज हो गई। जिससे प्रेशर के कारण सिलेंडर के इधर उधर छिटकने से वहां मौजूद एक कर्मी का पैर टूट गया। वहीं वहां मौजूद तीन अन्य लोगों को हल्की चोट आई। घायल कर्मी को इलाज के लिए राम प्यारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। रेलवे घटना की जांच कर रही है।

### मंगसीर बदी नवमी महोत्सव की शोभायात्रा कल



**रांची:** रातु रोड रानी सती मंदिर कमेटी के तत्वावधान में मंगसीर बदी नवमी महोत्सव भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रानी सती मंदिर के कार्यालय पदाधिकारी चद्रकांत झुनझुनवाला ने बताया कि यह महोत्सव चार दिवसीय होगा। इसका शुभारंभ 21 नवंबर को सुबह पांच बजे से नदी और कुआं से जल लेकर किया जाएगा। सुबह सात बजे गणेश पूजा और हवन आयोजित कर महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। 22 को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 125 बच्चे दादी जी का पताका लिए हुए, 65 कलश, 21 कांवर, 81 दादी जी के निशान, दादी जी के त्रिशूल लिए हुए इसके पीछे पांच प्यारे और दादी जी स्वंय रथ पर विराजमान होंगी। वहीं शोभा यात्रा रातु रोड, हरमू रोड, जेजे रोड, कार्टसराय रोड, जैन मंदिर होते हुए शहीद चौक व सुभाष चौक से गांधी चौक, नॉर्थ मार्केट रोड व कमलाकांत रोड़ होते पुनः गंतव्य स्थल मंदिर वापस लोटेगी।

### रूडसेट संस्थान में बना केनरा बैंक का स्थापना दिवस



**मुरी:** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 119 वा केनरा बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग और 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एंड कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि राजू उरांव केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक और निदेशक संजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 55 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का स्वरोजगार करे क्योंकि रूडसेट संस्थान राज्य का सबसे अच्छा संस्थान है यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है,और दूसरों को भी रोजगार से जोर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते इसके लिए आप को अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे और ग्राहक से अच्छा संबंध भी बनाकर रखे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

### 100 साल की बुजुर्ग महिला ने डाला वोट



**सिल्ली :** किता बूथ पर 100 साल की बुजुर्ग महिला मो सिंधु बाला देवी ने एंव अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बूथ पर झामुमो ने अमित सिंह मुंडा उर्फ गाडाम की मां 92 साल की बुजुर्ग महिला मो सुलो मुंडा ने वोट डाला। परिजनों ने व्हीलचेयर पर महिला को बूथ तक पहुंचाया।

# सत्ता बनाए रखेंगे हेमंत सोरेन या एनडीए पलटेगा बाजी? एग्जिट पोल के अनुमान जारी

मेट्रो रेज




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव का एग्जिट पोल बुधवार की देर शाम सामने आ गया है। एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। वहीं, मैट्रिज के एग्जिट पोल में एनडीए के बहुमत की संभावना जताई गई है। चाणक्य के एग्जिट पोल में भी एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। वहीं एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच कांटे का टक्कर बताई जा रही है।

**चाणक्य के एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार:** चाणक्य के एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार बनती दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 45 से 50 सीटें, जबकि इंडिया गठबंधन को 35 से 38 सीटें तथा अन्य को तीन से पांच सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

**मैट्रिज के एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार:** मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुसार झारखंड में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। एनडीए के खाते में 42 से 47 सीटें आ सकती हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के खाते में 25 से 30 सीटें आने का अनुमान लगाया गया है। अन्य के खाते में एक से चार सीट आने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि झारखंड में कुल 81 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हुआ था।

एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल में इंडिया गठबंधन की सरकारः एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक इंडिया गठबंधन की सरकार बनती नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन को 53 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है, जबकि एनडीए के खाते में 25 सीटें जा सकती हैं। कोल्हान में एनडीए को पांच, इंडिया गठबंधन को नौ सीटें मिल सकती हैं। एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक दक्षिणी छोटानागपुर में एनडीए को तीन, इंडिया गठबंधन को 12 सीटें मिल सकती हैं। इस क्षेत्र में एनडीए को 37 फीसदी, इंडिया गठबंधन को 47 फीसदी, जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम को छह फीसदी और अन्य को 10 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। संथाल में एनडीए को तीन, इंडिया गठबंधन को 15 सीटें मिल सकती हैं। इस क्षेत्र में एनडीए को 37 फीसदी, इंडिया गठबंधन को 52 फीसदी और जयराम की पार्टी को तीन फीसदी वोट मिल सकता है। आठ फीसदी वोट अन्य के खाते में जा सकते हैं।

**टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में कांटे की टक्करः** टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच नेक टू नेक फाइट की संभावना जताई गई है। एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 40 से 44 सीटें, इंडिया गठबंधन को 30 से 40 सीटें और निर्दलीय को एक सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

**पीपुल्स प्लस के एग्जिट पोल में एनडीए की सरकारः** पीपुल्स पल्स के एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार बनती दिखाई दे रही है। इस एग्जिट पोल में एनडीए को 42 से 48 सीट, इंडिया गठबंधन को 16 से 23 सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

**एग्ज़िट पोल क्या हैं? :** एग्ज़िट पोल एक सर्वेक्षण है जो मतदाताओं से तब लिए गए साक्षात्कार पर आधारित होता है जब वे वोट डालने के बाद मतदान केंद्रों से बाहर निकलते हैं (या बाहर निकलते हैं)। हालांकि एग्ज़िट पोल हमेशा सटीक नहीं होते हैं, वे मतदाता की पसंद के रुझान और अपेक्षित परिणामों के बारे में एक अंदाजा प्रदान करते हैं।

## झारखंड में दो-तिहाई बहुमत से जीतेगी भाजपा, सांसद निशिकांत दुबे ने किया दावा

मेट्रो रेज



**रांची:** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया कि उनके गृह राज्य झारखंड में एनडीए गठबंधन दो-तिहाई बहुमत से जीतेगा। निशिकांत दुबे ने बुधवार को कहा कि घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दे जनता तक पहुंच गए हैं और पार्टी पहली बार झारखंड में अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है। दुबे ने झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि हम यहां पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं। घुसपैठ, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे हमारे मुद्दे जनता तक पहुंचे हैं। आदिवासियों ने यहां सरकार बदलने का संकल्प ले लिया है। हम दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आ रहे हैं। झारखंड में बीजेपी पहली बार अपने दम पर अपनी सरकार बनाने जा रही है।

देवघर में चुनावी लड़ाई, जिसे अक्सर बाबा नगरी कहा जाता है, झारखंड विधानसभा चुनाव में एक प्रमुख युद्धक्षेत्र के रूप में उभरी है, जिसमें भाजपा के निवर्तमान विधायक नारायण दास और राष्ट्रीय जनता दल के तीन बार के पूर्व विधायक सुरेश पासवान के बीच मुकाबला है। एससी वर्ग की सीट देवघर को पंडा (ब्राह्मण) मतदाताओं का गढ़ माना जाता है। वे चुनाव की जीत-हार तय करते हैं। देवघर झारखंड में स्थित एक छोटा सा शहर है, जो अपने गहरे धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। छोटानागपुर पठार के हरे-भरे जंगलों और सुंदर पहाड़ियों के बीच स्थित, देवघर हिंदू धार्मिक परंपराओं में एक केंद्रीय स्थान रखता है, जो हर साल लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है। इस बीच, झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की शेष 38 सीटों के लिए बुधवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो गया। पहले चरण का मतदान 81 विधानसभा सीटों में से 43 सीटों के लिए 13 नवंबर को हुआ था। चुनावों में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस गठबंधन, जो सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है, और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए, जिसका लक्ष्य हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाना है, के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है।



### पीड़ित परिवार से मिले रांची महानगर कांग्रेस कमेटी एसटी विभाग के चेयरमेन

**रांची:** कोकर खोरा टोली ओम शांति नगर निवासी, बीआईटी मेसरा के द्वितीय वर्ष छात्र की हत्या कॉलेज परिसर में हुई थी। वहीं रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम के नेतृत्व में एक टीम ने उनके परिवार से मुलाकात की। इसमें मुख्य रूप से डॉ प्रसाद पासवान (नेतरहाट पूर्व प्रिंसिपल उपाध्यक्ष एससी, एसटी, ओबीसी काउंसिल), रविन्द्र पासवान (दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी एससी मोर्चा बीजेपी पलामू वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति), चंद्रमणि धर वरिष्ठ पदाधिकारी भाजपा व जय प्रकाश समाजसेवी शामिल थे। सभी ने आश्वासन दिया कि हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे। सभी ने कहा कि इस मामले को लेकर सड़क से लेकर सदन तक जाएंगे।


## सुदेश महतो व अमित महतो ने डाला वोट



**सिल्ली:** झामुमो प्रत्याशी अमित महतो ने पैतृक गांव पोगड़ा मतदान केंद्र में पत्नी और मां के साथ वोट डाला, आजसू पार्टी प्रत्याशी सुदेश महतो ने पैतृक गांव लगाम में पत्नी और मां के साथ वोट किया। अमित महतो ने कहा बहुत कम समय में हेमंत सोरेन की नेतृत्व में बनी महागठबंधन सरकार के काम का जनता ने आशीर्वाद दिया है दोबारा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी इसमें कोई सस्पेंस नहीं है।

## तीन माह बाद भी पुलिस पकड़ से दूर नकली अवैध लॉटरी के सरगना

**चांडिल :** अनुमंडल क्षेत्र में अवैध नकली लॉटरी का गोरखधंधा परवान पर है। बीते जुलाई माह में गैरकानूनी कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद कुछ दिनों के लिए अवैध लॉटरी के धेधे की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। जुलाई माह में चांडिल स्टेशन चौक और चांडिल बाजार में चांडिल व नीमडीह थाना की पुलिस द्वारा अवैध लॉटरी के खिलाफ चलाए गए छापामारी अभियान में सात लोग पकड़े गए थे। पकड़ाए लोगों ने अपने-अपने संचालक का नाम भी बताया था। अवैध लॉटरी के खिलाफ हुई कार्रवाई के तीन माह बाद भी अवैध लॉटरी चलाने वाले सरगना पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उस वक्त लोगों ने भी अंदेशा जताया था कि हो सकता है राजनीतिक दबाव के कारण इस पर आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते में ना डाल दिया जाए।




**गाढ़ी कमाई लुटा रहे लोगः** सूत्रों के अनुसार राजनीतिक संरक्षण का ही नतीजा है कि कार्रवाई के माह भर बाद से ही क्षेत्र में तेजी के साथ अवैध नकली लॉटरी का गोरखधंधा दोबारा छा गया। बताया जा रहा है कि जुलाई में हुई कार्रवाई के बाद अब इस गोरखधंधे से जुड़े कारोबारियों की संख्या भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि इस गोरखधंधे की दलदल में फंसकर युवा वर्ग अपना भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं। गरीब मजदूरों की खून-पसीने की कमाई रातों-रात लखपति बनने की लालच में स्वाहा हो रही है। अवैध नकली लॉटरी के चंगुल में फंसकर युवा वर्ग के अलावा दिहाड़ी मजदूर, दुकानदार, ऑटो चालक, सब्जी बिक्रेता आदि अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्या पुलिस-प्रशासन को इसकी खबर नहीं है कि लोग इस काले कारनामे की दलदल में फंस रहे हैं।

**गांव-गांव तक पहुंची अवैध लॉटरीः** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अबाध रूप से चल रहा लॉटरी का गैरकानूनी धंधा अब सुदूरवर्ती गांव तक भी पहुंच गया है। चौक-चौराहों में तो लॉटरी बेचा जाना अब आम बात है। चांडिल बाजार, स्टेशन चौक, रघुनाथपुर, मुखिया होटल, चौका मोड़ आदि स्थानों में अवैध व नकली लॉटरी जगह-जगह मिलता है, वहीं गांव-गांव में नकली लॉटरी पहुंचने लगी है। अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी से जुड़े लोगों को पुलिस-प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। अवैध कारोबार के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण गोरखधंधा चलाने वाले कारोबारियों के हौसले परवान पर हैं। बताया जा रहा है कि लॉटरी के इस अवैध धंधे में बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं की भी संलिप्तता है। जिसके कारण इस गोरखधंधे पर लगाम नहीं लगाया जा सकता है।

# विस चुनावः दूसरे चरण में शांतिपूर्ण रहा मतदानः के रवि कुमार

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की बाद के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुए। कुछ बूथों पर आपसी झड़प हुई। उन्होंने बताया कि 14219 बूथों पर हुए मतदान केंद्र से मतदान के बाद मतदाता कर्मी स्ट्रांग रूम में वापस लौट रहे हैं। उन्होंने बताया शाम 5 बजे तक 67.59% मतदान हुआ है। देर रात तक क्लोजर रिपोर्ट जारी किया जाएगा झारखंडी पर्यटन स्थल

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजामः**



**एवी होमकर :** पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि 12 जिलों में 38 विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पोलिंग पार्टियों की लौटने की प्रक्रिया चल रही है। सभी की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 14219 मतदान केंद्र में से 891 नक्सली पॉइंट ऑफ व्यू से क्रिटिकल बूथ थे, जो गिरिडीह और हजारीबाग जिला में अवस्थित थे। वहीं 6828 बूथ को क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया था। दूसरे चरण में केंद्रीय सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। इस फेस में 585 केंद्रीय सैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल के 60 कंपनियां, राज्य पुलिस बल और होमगार्ड के 26000 हजार जवान डिप्युट किए गए थे।

उन्होंने बताया कि 200 जगह से कल मतदान कर्मी लौटेंगे, जहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं। वहां पर सैनिक बल की सुरक्षा में सभी मतदान कर्मी मौजूद हैं। चुनाव के दौरान 115 इल्लीगल आर्म्स जब्त, 1800 से अधिक कारतूस बरामद, 34000 से अधिक लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गई है। दूसरे चरण में 6 एमसीसी के तहत केस हुए हैं। जिसमे गिरिडीह से 1, धनबाद से 4 और मधुपुर से 1 केस हुए हैं। सुरक्षा के दृष्टि से झारखंड से लगने वाली बिहार और बंगाल के बॉर्डर सील किए गए थे।

# ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत,फैसला 23 को

## शिवराज सिंह चौहान , हेमंत सोरेन व बाबूलाल ने दी प्रतिक्रिया



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव का दूसरा और अंतिम चरण बुधवार को संपन्न हो गया। चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में हमसे बड़ा सर्वेयर कौन हो सकता है। तीन महीने से लगातार झारखंड में हैं। पांव-पांव झारखंड नापा है। जनता की आंखों में परिवर्तन की ललक देखी है। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह रहा हूं कि झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए जनता ने भारतीय जनता पार्टी व एनडीए को वोट किया है। शानदार बहुमत प्राप्त कर हम सरकार बनाने जा रहे हैं।

जनता ने दिया इंडिया गठबंधन को आशिर्वाद : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जनता ने झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नये, समृद्ध और सशक्त झारखंड के निर्माण का संकल्प है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि बुजुर्ग, युवा, श्रमिक, महिला, किसान- सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया।

आधी आबाधी-हमारी मंईयां ने किया जमकर किया मतदान : हेमंत बोले की सभी ने, खासकर, राज्य की आधी आबादी- हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक-अधिकार, मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया। सीएम ने कहा कि हम द्दढ़ता से प्रण लेते हैं कि अमर वीर शहीदों के बलिदान को साकार करेंगे, महान क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करेंगे। आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देंगे और मिलकर बनायेंगे एक नया, सोना झारखंड।

**पूर्ण बहुमत की सरकार बना रही है एनडीए :** बाबूलाल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार जा रही है और भाजपा (एनडीए) की पूर्ण बहुमत की सरकार आ रही है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव की तर्ज पर विधानसभा चुनाव में एनडीए 51 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। मजबूत सरकार व विकसित झारखंड बनाने के लिए राज्य की जनता ने जम कर मतदान किया है। मरांडी बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा के कई राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रचार किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं रांची में रोड शो भी किया। इनके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, डॉ मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता विश्वा सरमा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित कई नेताओं की सभाएं झारखंड में हुई। झारखंड के कार्यकर्ताओं ने भी नेताओं के साथ खूब मेहनत की। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस बरहेट सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहां का रिजल्ट चौंकानेवाला होगा।

### छंदा भट्टाचार्य ने नेपाल में लहराया भारत का परचम

## इंडो नेपाल इंटरनेशनल कल्चरल प्रोग्राम की बनी विजेता



मेट्रो रेज

**चाईबासा:** नेपाल में इंडो नेपाल इंटरनेशनल कल्चरल प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कल्चरल प्रोग्राम की विजेता बनने पर बुधवार को गिरिराज सेना प्रमुख उमाशंकर गिरि ने बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। वही भविष्य में सहायता करने का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि विगत दिनों 17 नवंबर को नेपाल के झापा में इंडो नेपाल इंटरनेशनल कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन इंडियन कल्चर डिपार्टमेंट सेंटर के द्वारा किया गया था। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा मेजबान नेपाल की टीम ने हिस्सा लिया था। जिसमें छंदा भट्टाचार्य ने इंडियन क्लासिकल डांस में सभी प्रतियोगियों को पछाड़ा कर खिताब अपने नाम किया। वही वर्ल्ड रिकॉर्ड एचिवर्स के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छंदा भट्टाचार्य इससे पूर्व भी की नृत्य परमश्री सम्मान के अलावा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। मौके पर दिपक गुप्ता,सम्पा एलिश राजु, सुमित पोद्दार, अंशु यादव मौजूद रहे।

## सड़क से उड़नेवाली धूल से खतरे में बच्चों का स्वास्थ



**चान्हो :** उड़ती डस्ट से बिजुपाड़ा रांची रोड में चलना हुआ दुभर। दुर्घटना के साथ साथ गंभीर बीमारी का भी खतरा। सड़कें धूल से भरी नजर आ रही है। वाहनों का यातायात होने पर बड़े पैमाने पर धूल उड़ रही है। इस कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से उड़ने वाली धूल के कारण विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खतरे में है किंतु प्रशासन इस पर खामोश क्यों है। यह सवाल विद्यार्थियों द्वारा उठाया जा रहा है। बिजुपाड़ा रांची रोड स्कूल जाने का रास्ता प्रदूषणयुक्त हो गया है। जिससे यहां से स्कूल जाने वाले रास्ते में धूल के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आते-जाते समय काफी परेशानी होती है और उनका स्वास्थ्य खतरे में पड़ रहा है। इसी सड़क से सैकड़ों विद्यार्थी इस मार्ग पर प्रतिदिन आवागमन कर रहे हैं। लेकिन परिवहन के कारण सड़क पर बड़ी मात्रा में धूल उड़ रही है। जिससे विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खतरे में है। इसलिए इस मार्ग को धूल से मुक्त करने की मांग की जा रही है।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी,जेएमएम ने बाबूलाल पर लगाया आरोप



मेट्रो रेज

**रांची :** बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंच कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की।

हेमंत पर साइलेंट पीरियड में बाबूलाल मरांडी के पुराने वीडियो पोस्ट करने का आरोपः बीजेपी नेता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव के दौरान दिन के लगभग 11 बजे मुख्यमंत्री ने बाबूलाल का पुराना वीडियो अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया। जबकि, साइलेंस पीरियड चल रहा था। भाजपा ने मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, बोकारो के डीएसपी आलोक रंजन के खिलाफ भी शिकायत की।

बाबूलाल मरांडी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोपः झामुमो ने गिरिडीह डीसी को पत्र लिखकर धनवार से बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि प्रत्याशी द्वारा मतदान के दौरान अपनी तस्वीर खिंचवा कर सार्वजनिक की गयी, जो आदर्श चुनाव आचार संहिता के विरुद्ध है।



## ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ट्रैफिक तथा पॉवर ब्लॉक लिया जाएगा अतः ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर -हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रा प्रारम्भ दिनांक 24/11/2024 को रद्द रहेगी ।

## पत्थर से कूचकर बच्चे की हत्या

**रांची/गिरीडीह:** पत्थर से कुचकर एक बच्चे की हत्या कर दी गई है। यह घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयडीह मैगजीनिया के पास हुई है। जहां गुरुवार को एक बच्चे का शव बरामद किया गया है। बच्चे का सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है। साथ ही शरीर पर चोट के कई निशान हैं। ऐसे में पत्थर से कूचकर किशोर की हत्या की आशंका जताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार को मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बच्चे की हत्या कर शव को उसरी नदी के ठीक ऊपर ट्रैक्टर के चलने से बने गड्ढ़े के अंदर छिपाया गया था। छानबीन के दौरान एक स्थान पर किसी का जूता नजर आया। साथ ही वहां काफी सारा पत्थर रखा हुआ था। जब पत्थर को हटाया गया तो अंदर शव मिला। मृतक ने काला रंग का फूल पैंट और गुलाबी रंग का शर्ट के साथ टीशर्ट पहन रखा था। मृतक की उम्र लगभग 14 वर्ष के आसपास है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## साक्ष्य के अभाव में पत्नी की हत्या का आरोपी रिहा

**रांची:** अपर न्यायायुक्त की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी बलराम मुंडा को रिहा कर दिया। बलराम मुंडा पर उसकी पत्नी सोमारी देवी की हत्या का आरोप लगाते हुए सताकी पंचायत के मुखिया ने नामजद प्राथमिकी अनगड़ा थाना में दर्ज करायी थी। घटना मई 2022 की है। सोमारी देवी का शव उसके नये घर में मिला था। उसके शरीर पर दाउली व बटाली से हमले के जख्म थे। अभियोजन पक्ष से कोई भी गवाह इस मामले में सही से कुछ नहीं बता पाया। जिसका लाभ आरोपी को मिला और अदालत ने उसे रिहा कर दिया।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में कम्बल का वितरण



**रांची:** परमहंस डॉ संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ राँची में एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शाखा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में बाबूलाल प्रेमकुमार के समाजसेवी पंकज पोद्दार अपर बाजार राँची के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 35 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए कम्बल का वितरण किया।

आज की सेवा के महान कार्य में आश्रम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल मनोज कुमार चौधरी,संस्था के वरिष्ठ सदस्य डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान,शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी,पवन पोद्दार,पुर्णमल सर्राफ इनके अलावा भी और बहुत से सदस्य उपस्थित थे। उक्त सभी जानकारी आश्रम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची:** हथियार के बल पर लोगों को डराने धमकाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। बुधवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मैकी रोड में एक व्यक्ति हथियार के बल पर आसपास के लोगों को डरा धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस की टीम ने भाग रहे व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम गौरव कुमार गौतम बताया। बरामद हथियार के संबंध में कागज की मांग किया। जिसपर पकड़ाये व्यक्ति द्वारा कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# गुरू नानक जयंती पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन



**अलीगढ़:** जिले के अतरौली में बने सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में धूमधाम से 15 से 18 तारीख तक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरु नानक जी का जन्मदिन, भव्य आयोजन कार्यक्रम का विस्तार सर्वप्रथम गुरुद्वारे की सजावट के उपरांत वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी मीडिया के प्रभारी की उपस्थिति में प्रभात फेरी नगर यात्रा का कार्यक्रम कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ ।उसके उपरांत कीर्तन भजन आतिशबाजी ढोल नगाड़े के साथ हुआ बड़े लंगड़ का आयोजन । देश के सुप्रसिद्ध कीर्तन गायक सरदार जगजीत सिंह बभिया के मुखारविंद से शाम से देर रात्रि तक संपन्न हुआ । विशाल कीर्तन का भव्य आयोजनः इस शुभ अवसर पर अलीगढ़ के अतरौली क्षेत्र के गुरुद्वारा प्रबंधक वा प्रमुख सेवादार सरदार ज्ञानी दीप सिंह के साथ सभी कार्यक्रम आयोजिक देश प्रदेश में हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने वाले हम सबके आराम प्रभु श्री राम जी के मंदिर स्थापना के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के लड़के सांसद एटा आदरणीय राजवीर सिंह जी व वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय मीडिया के प्रभारी राष्ट्र सेवा बजरंग दल के प्रदेश प्रभारी योगेश द्विवेदी अतरौली क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के गुरु नानक जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हो रहे भव्य आयोजन के कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुद्वारा प्रबंधक,ज्ञानी दीप सिंह द्वारा भगवा पगड़ी पहनकर राष्ट्रीय मीडिया के प्रभारी योगेश द्विवेदी को व भारत सरकार के यशस्वी सांसद राजवीर सिंह राजू भैया को भगवा पगड़ी पहनकर किया सम्मानित। देश के सुप्रसिद्ध हिंदी दैनिक दि ग्राम टुडे समाचार के राष्ट्रीय प्रभारी योगेश द्विवेदी ने अपने हिंदू समाज के धार्मिक श्रीरामचरित्रमानस ग्रंथ राजवीर सिंह को भेंट कर किया । सम्मानित गुरुद्वारा प्रबंधक प्रमुख सेवादार ज्ञानी दीप सिंह के साथ वरिष्ठ सिख समाज द्वारा राष्ट्रीय प्रभारी की मुहिम शस्त्र व शास्त्र के दान की आवाज को बुलंद कर आगे बढाते हुए राजवीर सिंह को तलवार भेंट कर किया। इस शुभ अवसर पर हजारों की संख्या में वरिष्ठ सिख समाज आम जनमानस व हिन्दू समाज परिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर हजारों की संख्या में गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे के लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। वाहेगुरु की जय जयकार से गूंजा अतरौली क्षेत्र का गुरु सिंह सभा का गुरुद्वारा!!

## सुविचार

इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।

## घुटती सांसों का सवाल, दिल्ली-एनसीआर को राहत नहीं

**लगातार** तीसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर सीवियर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्राइवेट सेक्टर कंपनियों के लिए निर्देश जारी किया कि 50 फीसदी वर्कफोर्स को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दे दी जाए। कई और भी कदम उठाए गए हैं लेकिन वे सब आपातकालीन और तात्कालिक उपायों की ही श्रेणी में आते हैं। हवा में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्तर भले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा जा रहा हो, यह समस्या यहां तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत के बड़े इलाके में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी सप्ताह दिल्ली के साथ-साथ लखनऊ और पटना को देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में माना गया। यूं भी विश्व की पांचवीं सबसे बडी इकॉनमी की राजधानी अगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में देखी जा रही है और वर्षों की कोशिशों के बाद भी स्थिति जस की तस दिख रही है तो इसे एक स्थानीय समस्या नहीं माना जा सकता।सबसे बड़ी बात तो यह है कि न तो इस समस्या का स्वरूप अनजाना है, न इसके कारण अज्ञात हैं और न ही इससे बचाव के उपायों को लेकर किसी तरह की अनभिज्ञता है। हवा में प्रदूषण की कितनी मात्रा वाहनों के धुएं से आती है, कितनी इंडस्ट्री से निकलने वाले उत्सर्जन से, कितनी इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों से और कितनी आसपास के राज्यों में पराली जलाए जाने से- इसे लेकर थोड़ा-बहुत अंतर भले ही अलग-अलग स्टडीज में देखा गया हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि हवा की गुणवत्ता बिगाड़ने में इन सबका सम्मिलित योगदान है। लिहाजा, धीरे-धीरे इन कारकों को नियंत्रित करने वाले ठोस कदम अगर नहीं उठाए जा रहे तो इसके पीछे इच्छा शक्ति की कमी को ही जिम्मेदार मानना होगा। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आम लोग भी इसे एक मौसमी समस्या मानकर चल रहे हैं। यही कारण है कि न तो यह चुनावी मुद्दा बन पाता है और न ही निर्वाचित प्रतिनिधि इसे गंभीरता से लेकर हल करने की जरूरत महसूस करते। बयानबाजी के जरिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करके काम चला लिया जाता है। याद रखना चाहिए कि दिल्ली एनसीआर देश का सबसे समृद्ध इलाका है। यहां की प्रति व्यक्ति आय बाकी पूरे देश से ढाई गुना ज्यादा है। लेकिन क्वॉलिटी ऑफ लाइफ का जहां तक सवाल है तो पिछले साल यानी 2023 में इस क्षेत्र के लोगों को मॉडरेट और बेहतर हवा वाले 200 दिन ही मिले। ऐसे में डर है कि प्रफेशनल्स की बिरादरी दिल्ली को पनिशमेंट पोस्टिंग न मानने लग जाए।

## फिर वही कहानी

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है। भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है। बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं। मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है, ट्रूडो सरकार उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ लेने देती है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि वह अपनी गलतियां माने और भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल करे।

# सुंदरता के लिए भी वरदान है तुलसी

आप तुलसी को चेहरे पर सीधा भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी के कुछेक पत्ते पीस कर रस निकाल लें और इस रस को चेहरे पर लगा लें। इसे आधे घंटे बाद ताजा पानी से धो डालिये। कांच के बर्तन में तुलसी की कुछ पत्तियां लेकर इसमें 2 चम्मच चावल का आटा और 1 चम्मच शहद डालकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आधे घण्टे बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लें। इससे त्वचा में लचीलापन पन आता है।

तुलसी को जड़ी-बूटियों का राजा माना जाता है। आयुर्वेद में इसे पवित्र पौधा माना जाता है। तुलसी भारतीय घरों में पूजा और औषधि दोनों के लिए इस्तेमाल की जाती है। तुलसी को लोक कथाओं/धार्मिक मान्यताओं में सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। दुनिया भर में तुलसी की खेती का लंबा इतिहास रहा है और सदियों से इसका इस्तेमाल पवित्र, सुगंधित और सजावटी जड़ी-बूटी के रूप में किया जाता रहा है। अभी तक तुलसी की लगभग 60 प्रजातियों की पहचान की गई है, जिनकी विश्व भर में खेती की जाती है।

सेहत के साथ तुलसी सौन्दर्य निखारने के काम में भी लाई जाती है। तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट एंटीसेप्टिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखारने में सहायक साबित होते हैं। ये स्किन को ठंडक देने के साथ चेहरे के ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ा कर चेहरे पर सोने से निखार देते

**शहनाज हुसैन**



में मददगार साबित होते हैं।अगर आप काफी व्यस्त रहते हैं और सौन्दर्य प्रसाधनों के लिए समय नहीं निकाल पाते तो भी आप तुलसी का सेवन कर सकते हैं। आप तुलसी को चेहरे पर सीधा भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी के कुछेक पत्ते पीस कर रस निकाल लें और इस रस को चेहरे पर लगा लें। इसे आधे घंटे बाद ताजा पानी से धो डालिये। कांच के बर्तन में तुलसी की कुछ पत्तियां लेकर इसमें 2 चम्मच चावल का आटा और 1 चम्मच शहद डालकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आधे घण्टे बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लें। इससे त्वचा में लचीलापन पन आता है।तुलसी का फेस पैक बनाने के लिए 10-15 तुलसी के पत्ते, दो चम्मच दही, आधा चम्मच शहद और एक चम्मच चावल का आटा लें। तुलसी के पत्तों को पीस कर एक कटोरी में डाल लें। अब इसमें दही, शहद और चावल का आटा मिला लें। इन सभी चीजों का मिश्रण करके क्रीमी पेस्ट तैयार कर लें। इस फेस पैक को एयर टाइट बर्तन में फ्रीज में रख लें। जब भी जरूरत पड़े तो इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद चेहरे को साफ पानी से धो डालिये। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरा कोमल, मुलायम और आकर्षक दिखेगा।

तुलसी त्वचा के अतिरिक्त बालों की सुन्दरता में भी काफी सहायक है। तुलसी के पत्तों को पीस कर कांच की कटोरी में डाल लें। अब इसमें नारियल तेल की कुछ बूंदें मिलाकर उसे बालों पर लगाएं। आधा घण्टा बाद बालों को हल्के शैम्पू से धो डालें। इससे बाल कुदरती तौर पर मजबूत होंगे और उनका झड़ना भी कम हो जायेगा। तुलसी का टोनर बनाने के लिए तुलसी के पत्तों को पानी में उबालें और इस पानी को ठंडा करके एक बोतल में भर कर रख लें। रोज रात को सोने से पहले इस टोनर को चेहरे पर लगाने से त्वचा में ताजगी बनी रहेगी और पोर्स भी कम हो जाएंगे। तुलसी के तेल को त्वचा पर लगाने से त्वचा सम्बन्धी विकारों से लड़ने में मदद मिलती है जिससे त्वचा पर कील, मुहांसें आदि से छुटकारा मिलता है और त्वचा साफ और निखरी नजर आती है।

तुलसी के पत्तों का स्क्रब त्वचा के डेड सेल्स को हटाने में कारगर साबित होता है जिससे चेहरे की प्रकृतिक सुन्दरता निखर कर बाहर आती है। तुलसी के पत्तों का स्क्रब बनाने के लिए 10 -15 तुलसी के पत्ते, एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू रस, एक चम्मच चीनी और चावल और ओटमील एक चम्मच लें। सबसे पहले तुलसी के पत्तों को धोकर सुखा लें। फिर उन्हें ब्लेंडर में डालें और पीसकर चिकना पेस्ट बना लें। कांच के कटोरे में तुलसी की पेस्ट को लेकर उसमें शहद, नींबू का रस, चीनी, आटोमील और चावल का आटा डालकर अच्छी तरह मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर हल्के-हल्के लगाकर चेहरे की मसाज करें और 10 मिनट बाद उसे गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा सुन्दर और मुलायम हो जाएगी।

तुलसी का इस्तेमाल स्किन इंफेक्शन जैसी समस्याओं के लिए भी फायदेमंद होता है। तुलसी का रस दाग-धब्बे हटाने में मदद करता है और त्वचा की रंगत को निखारता है। तुलसी का इस्तेमाल त्वचा की तरह बढ़ती उम्र से होने वाली झुर्रियों को रोकता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। 1 गिलास पानी में तुलसी के पत्तों को उबाल कर इसकी चाय बना कर रोज सुबह सेवन करें। ये आपकी सेहत, बालों और त्वचा तीनों के लिए फायदेमंद साबित होगा।

अगर आप चेहरे पर दाग, धब्बों और मुहांसों से परेशान हैं तो तुलसी मददगार है। दो लौंग के साथ नीम और तुलसी के पत्तों को बराबर मात्रा में मिलाकर थोड़ा पानी डाल कर इसे पीस लें। इसे आँखों के आसपास क्षेत्र को छोड़ कर बाकी सारे चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद साफ ताजा पानी से चेहरा धो डालिये। यह फेस मास्क मुंहासों और काले धब्बों को कम करेगा।

**(लेखिका, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं।)**

# 'जय भवानी' का उद्घोष कर बलिवेदी पर सो गई एक वीरांगना

सेवा में नियुक्त होने के थोड़े दिन बाद ही अंग्रेज फौज ने झांसी पर घेरा डाल दिया। रानी लक्ष्मीबाई ने आपातकालीन युद्ध परिषद की बैठक बुलाई। इसी बैठक में झलकारी बाई ने रानी के सामने प्रस्ताव रखा कि दुश्मन को धोखे में डालने के लिए आपका वेश धारण करके मैं छोटी-सी टोली के साथ रहकर अंग्रेजी सेना पर आक्रमण करूं। दुश्मन मुझे रानी समझकर पकड़ने के लिए पीछा करें।

देश के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में झांसी राज्य की आन-बान और मर्यादा के लिए वीरांगना झलकारी बाई और उनके पति पूरन सिंह कोरी ने अंग्रेजों से युद्ध करते हुए अपना बलिदान दिया था। वह झलकारी बाई ही थीं जिन्होंने रानी को अंग्रेजों के चंगुल से सकुशल निकालने के लिए झांसी की रानी का वेश धारण कर गोरे सैनिकों से युद्ध करके उनके छक्के छुड़ा दिए। उनके बलिदान को याद किए बिना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान की स्मृति अधूरी

**-गौरव अवस्थी**

ही रहती है। झलकारी बाई का जन्म झांसी के पास भोजला गांव में एक कृषक परिवार में 22 नवंबर 1830 को हुआ था। पिता सदोवा सिंह और माँ जमुना देवी के घर जन्म लेने वाली झलकारी बाई की वीरता की कई कहानियां बुंदेलखंड में आज भी सुनाई जाती हैं। किसान होने के बावजूद झलकारी बाई के पिता एक वीर पुरुष थे। छोटी सी उम्र में झलकारी के सिर से माँ जमुना देवी का साया उठ गया। पिता ने बेटे की तरह उनका लालन-पालन किया। उन्होंने अपनी बेटी को घुड़सवारी तथा अस्त्र-शस्त्र संचालन सिखाए। उन्होंने झांसी की रानी की सेना में तोपची के रूप में नियुक्त युवक पूरन सिंह कोरी के साथ झलकारी बाई का विवाह कर दिया। पूरन ने ही पहली बार रानी से झलकारी बाई को मिलवाया। रानी झलकारी बाई से पहली बार में बहुत प्रभावित हुईं और उन्हें अपनी सेना में नियुक्त कर लिया। अपनी सूझबूझ, संगठन क्षमता और अस्त्र-शस्त्र संचालन में कुशलता के चलते वह जल्दी ही रानी की विश्वास पात्र बन गईं। सेवा में नियुक्त होने के थोड़े दिन बाद ही अंग्रेज फौज ने झांसी पर घेरा डाल दिया। रानी लक्ष्मीबाई ने आपातकालीन युद्ध परिषद की बैठक बुलाई। इसी बैठक में झलकारी बाई ने रानी के सामने प्रस्ताव रखा कि दुश्मन को धोखे में डालने के लिए आपका वेश धारण करके मैं छोटी-सी टोली के साथ रहकर अंग्रेजी सेना पर आक्रमण करूं। दुश्मन मुझे रानी समझकर पकड़ने के लिए पीछा करें, तभी आप दूसरे मोर्चे से किले से निकल जाएं। रानी को झलकारी बाई की योजना बहुत पसंद आई लेकिन उन्होंने झलकारी की जान जोखिम में डालने के लिए प्रस्ताव खारिज कर दिया। ललकारी ने फिर कहा कि भारत माता को आपकी जरूरत है। मेरे रहने और न रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इस पर रानी लक्ष्मी बाई योजना से सहमत हुई और झलकारी को अपनी छाती से चिपका कर कहा कि जिस राज्य में झलकारी की तरह की वीर नारियां हैं, उस राज्य का दुश्मन कभी बाल बांका नहीं कर सकता। झांसी की रानी को अपने ही गद्दारों से परेशान थीं। झलकारी बाई की इस योजना को भी राज्य का एक गद्दार, अंग्रेज सैनिक को बताने जा ही रहा था कि झलकारी वहां पहुंच गईं और अपनी तलवार से उसका सिर कलम कर दिया। गद्दारों की वजह से ही अंग्रेजी सेना महलों में घुसने में सफल हुई। मजबूरी में रानी को महल छोड़ना पड़ा। तब झलकारी ने योजना के अनुसार ही अंग्रेजी सेना से मोर्चा संभाला और झांसी की रानी सुरक्षित राजकुमार को लेकर महल से निकल गईं। अंत में ब्रिटिश फौजियों द्वारा झलकारी बाई को गिरफ्तार करके कड़े पहरे में रखा गया लेकिन झलकारी बाई अवसर पाकर रात में भाग निकलने में कामयाब हो गईं और दूसरे दिन पति के साथ किले पर फिर मोर्चा संभाल लिया। अंग्रेजी फौज से बहादुरी से लड़ते हुए पति पूरन सिंह और झलकारी बाई अंग्रेजों द्वारा बरसाए गए गोलों से एक साथ बलिदान हो गए। जय भवानी बोल कर उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का वेश धर कर अंग्रेजों को झांसा देकर वीरगति को प्राप्त करने वाली वीरांगना झलकारी बाई की आज 194वीं जयंती है। ऐसी वीरांगना को जन्म जयंती पर शत-शत नमन।


**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वाल्मीकि जयंती पर विशेष : रामायण की रचना

महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जा रही है। महर्षि वाल्मिकी का जन्म आश्विन मास की शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। बता दें कि विद्वता और तप के कारण वाल्मीकि जी को महर्षि की पदवी प्राप्त हुई थी। वह बहुत बड़े विद्वान हुआ करते थे। महर्षि वाल्मीकि ने हिंदू धर्म के सबसे अहम महाकाव्यों में से एक रामायण की रचना की थी। इसके अलावा वह संस्कृत का आदि कवि यानी संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के तौर पर भी जाना जाता है। तो आइए, जानते हैं वाल्मीकि जयंती के मौके पर शुभ मुहूर्त, पौराणिक कथा और महत्व के बारे में...

**कब है वाल्मीकि जयंती**

आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 16 अक्तूबर की रात 0:40 मिनट पर हुई है। वहीं आज यानी की 17 अक्तूबर 2024 को दोपहर 04:55 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के हिसाब के 17 अक्तूबर 2024 को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जा रही है।



**ऐसे पड़ा वाल्मीकि नाम**

पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि वाल्मीकि का नाम पहले रत्नाकर हुआ करता था। तब वह एक डाकू थे और वन में आने वाले लोगों के साथ लूटपाट कर अपने परिवार का भरण-पोषण किया करते थे। एक बार रत्नाकर ने वन में आए नारद मुनि को लूटने की कोशिश की। लेकिन महर्षि नारद द्वारा दी गई शिक्षा से रत्नाकर के हृदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने अपने पापों की क्षमायाचना करते हुए कठोर तपस्या की। इस तपस्या में वह इतना लीन हो गए कि उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, इस कारण रत्नाकर का नाम वाल्मीकि पड़ा।

**रामायण की रचना**

बता दें कि रामायण महाकाव्य की रचना से संबंधित एक कथा मिलती है। जिसके मुताबिक महर्षि वाल्मीकि ने ब्रह्मा जी के कहने पर रामायण की रचना की थी। कथा के अनुसार, वाल्मीकि जी ने क्रौंच पक्षी की हत्या करने वाले एक शिकारी को श्राप दे दिया। लेकिन इस दौरान उनके मुख से अचानक एक श्लोक की रचना हो गई। तब ब्रह्मदेव प्रकट हुए और कहा कि उनकी प्रेरणा से ही वाल्मीकि के मुख से ऐसी वाणी निकली है। इसलिए आप भगवान श्रीराम के संपूर्ण के चरित्र की श्लोक के रूप में ही रचना करें। इस तरह से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की थी।

## अध्यात्म

### क्रोध की हालत में सही निर्णय नहीं हो पाता है

क्रोध विनाश का कारण बन जाता है। क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। यह व्यक्ति की मति मार देता है, बुद्धि हर लेता है। इसके वशीभूत होकर लोग अक्सर गलत कदम उठा लेते हैं। इसकी वजह से इंसान सही-गलत में अंतर नहीं कर पाता है और वहशीपन पर उतारू हो जाता है। इसके प्रभाव में आदमी अपनापन, स्नेह, लगाव, प्रेम, आत्मीयता तो छोड़िए, अपना अस्तित्व तक भूल जाता है। क्रोध की अवस्था में किसी व्यक्ति और खूंखार जानवर में कोई फर्क नहीं रह जाता है। इंसान का रोष उसके लिए कई बार अभिशाप के रूप में भी सामने आता है। यह मानव मन की एक भावना है, जिसे अक्सर अच्छा नहीं माना जाता है। क्रोध का जनक भय भी माना जाता है। जब इंसान भय पर नियंत्रण करने की कोशिश करता है तो वह रोष के रूप में प्रकट होता है। कहा गया है कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह ये सब जीवन के सबसे बड़े शत्रु हैं। एक गुरु अपने शिष्यों को हमेशा अच्छाई और सदाचार का प्रचार-प्रसार करने की शिक्षा दिया करते थे। वह कहते थे कि केवल उपदेश देने में समय न गंवाना, बल्कि अपने हाथों से दीन-दुखियों, पीड़ितों, असहायों, निराश्रितों की अधिक से अधिक सेवा करना। किसी के यहां जाकर प्रेमपूर्वक सहायता मांगने पर अगर वह आपके साथ अमर्यादित आचरण करे, तब भी उस पर क्षोभ मत करना। वह जानते थे कि धन, संपत्ति संग्रह करने की प्रवृत्ति भय, कलह पैदा करती है। इसलिए वह अपने शिष्यों को समझाते कि अपने पास अपनी जरूरत भर की ही चीजें रखना। अधिक का संग्रह मत करना। भिक्षा में जो भोजन मिल जाए, उसी से संतुष्ट रहना। उन्होंने यह भी कहा कि लोग तुम्हारा विरोध करेंगे, उत्पीड़न भी करेंगे। लेकिन बहुत सावधानीपूर्वक शांति और धैर्य बनाए रखना। यह मानकर चलना कि वे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं, आत्मा को नहीं। कारण बताते थे, आत्मा तो अमर, अजर और अविनाशी है। वह समझाते थे- सत्य, अहिंसा पर अटल रहने वाले को कोई नहीं मार सकता। जो तुम्हारा तिरस्कार करता है, वह स्वयं भगवान का तिरस्कार करता है, क्योंकि उसी भगवान ने हम सबको बनाया है। भगवान श्रीकृष्ण ने क्रोध को नर्क का द्वार बताया है। उन्होंने कहा है कि जो मनुष्य बात-बात पर तैश में आ जाता है, वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाता है और जीवन में हमेशा दुखी रहता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## 58 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा मिला



**साहिबगंज / बरहेटः** विधानसभा क्षेत्र के बुथ संख्या 125 पर पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान कर चुके करीब 58 मतदाताओं के नाम अचानक मतदाता सूची से हटा दिए जाने की जानकारी सामने आई है।इस घटना में क्षेत्र के मतदाताओं में चिंता और आक्रोश उत्पन्न कर दिया है।वहीं स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि पिछले चुनाव में उन्होंने बूथ संख्या 125 पर अपना वोट डाला था।लेकिन अब उन्हें सूचित किया गया है कि उनके नाम को बुथ संख्या 126 में जोड़ने के लिए बीएलओ सुमन देवी ने बताया कि अन्य लेवल ऑफिसर बीएलओ को भेजा गया है यह स्थिति उन लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। जो आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहते हैं।स्थानीय निवासी आरोप लगाया है कि इस तरह का कदम बिना किसी पूर्व सूचना के उठाया गया है जिससे उनकी मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

## मतदान के लिए खड़ी महिला की हार्ट अटैक से मौत

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय झीमोली मतदान केंद्र संख्या 98 में मतदान के लिए खड़ी महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई।वही महिला झिमौली आदिवासी टोला के रहने वाला है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला 9:00 बजे मतदान केंद्र में मतदान करने को लेकर पहुंचे।जहा लाइन में लंबी कतार में खड़े होकर मतदान करने का अपनी बारी का इंतजार कर रहा था।इसी दौरान अचानक हार्ट अटैक से महिला की मौत हो गई।घटना से मतदान केंद्र में अपरा तफरी मच गया।स्थानीय ग्रामीणों ने महिला को उठाकर सुरक्षित स्थान लेकर गया।पुनः मतदान केंद्र का संचालन दिन भर रहा।

## रोड का प्रपोजल सरकार को भेज जा चुका है : बीडीओ



**साहिबगंज/मंडरोः** प्रखंड के कुल 67 बूथों पर बुधवार को मतदान शांतिपूर्व संपन्न हो गया। प्रखंड के 12 पंचायतों का मतदाता ने अपने मताधिकार का उपयोग निष्पक्ष तरीके से अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंच कर किया। सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू हो गया था। लेकिन निर्धारित समय के पूर्व ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गयी। हालांकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर सुबह से लगभग दोपहर तक लम्बी कतार लगी रही। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ चुनाव आयोग के तमाम अधिकारी ड्यूटी में लगे हुए थे।

मतदाताओं ने रोड़ नही तो वोट नहीं का लगाया नारा

जनजातीय आदिवासी समुदाय ग्रामीण ने ढोल बजाकर वोट वहिष्कार किया। जिसमें प्रखंड के बच्चा पंचायत अंतर्गत पहाड़िया आदिम जनजाति और आदिवासी मतदाता अमडा. पत्थरघट्टा खेल मैदान में खेसाडी पहाड, अमडा, काटीमक्कू, छतनी, चोकला, कुकुढाड, सोनजोर, तेतरिया, अद्रो, झिरीकभीठ्ठा, बथान, अमझोर, मोड़चौक, अमडाबेडो, अमडा पत्थर घट्टा गांव के मतदाता धर्मी पहाड़ियां,रूपी, पहाड़ियां,गुया पहाडीन, चांदी पहाडीन,सुनीता मुर्मू,ताला मोय हांसदा, मरांग कुड़ी मुर्मू, डेमे हांसदा, संझली हांसदा, संझली हांसदा, सुरजी पहाडीन,पक्कु हेंब्रम, दानीयल मालतो,मायसा पहाड़ियां मेषा पहाड़ियां, प्रदीप पहाड़ियां, मालतो पहाड़ियां, सालमोन मालतो, कन्हैई बेसरा, सोना बेसरा प्रधान, मायसा पहाड़ियां, प्रधान, बेटका सोरेन, प्रधान पहाड़ियां, देकु सोरेन प्रधान, एक जुट होकर बुधवार को मतदान केंद्र संख्या 04 के वोटरों ने वोट वहिष्कार कर रोड़ नही तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए नारेबाजी किया और सरकार के द्वारा सड़क, स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करने के कारण सभी मतदाता नाराज थे। जिसे लेकर वहां के मतदाताओं ने मतदान करने से बहिष्कार कर दिया। हालांकि मामले की सूचना पर जोनल मजिस्ट्रेट सूतेश्वर कुमार, बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर वातालर्लाप किया काफी समझाने बुझाने के बाद भी मतदाता नहीं माने हालांकि प्रशासनिक प्रयास के बावजूद कुल 591 मतदाता में मात्र 39 मतदाताओं द्वारा मतदान करने की सूचना है।

एडमिनिस्ट्रेशन के लोग हैं प्रखंड विकास अधिकारी हैं। उनके द्वारा समझाया गया संपूर्ण जो रोड है उसका प्रपोजल सरकार को पुर्व में भेज जा चुका है। शेकसन होते ही रोड़ बनने प्रवहन होते ही मतदान का ग्रामीण ने वोटा किया

## गिरिडीह के बूथ पर हंगामा, फर्जी वोट दिलवाने का आरोप

**गिरिडीहः** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है. हालांकि, कई जगहों पर गड़बड़ी और हंगामें की खबरें भी आ रही हैं. ऐसा ही मामला गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से आया है. जहां शहर स्थित हनी होली स्कूल स्थित तीन बूथों पर हंगामा हुआ. यहां हंगामा फर्जी मतदान के मुद्दे पर हुआ. जिसके बाद भाजपा और झामुमो कार्यकताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई.

मामले की जानकारी जैसे ही डीसी नमन प्रियश लकड़ा और एसपी डॉ बिमल को मिली, तुरंत पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार के साथ वे वहां पहुंचे और किसी तरह लोगों को खदेड़ा.

इधर भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि यहां फर्जी वोट डाले जा रहे थे, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, उन्हें भी कतार में खड़ा कर दिया गया. हालांकि यहां मौजूद झामुमो के लोगों ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है. यहां ऐसी कोई बात नहीं है, कुछ लोगों ने जानबूझकर मतदान में बाधा डालने की कोशिश की.

बाद में मौके पर पहुंचे डीएसपी कौशर अली ने लोगों को समझाया और साफ निर्देश दिया कि मतदाताओं की पहचान कर ही मतदान कराया जाए. काफी देर तक बूथ पर गहमागहमी का माहौल रहा. हालांकि, फिलहाल मामले को शांत करा दिया गया है.

# संताल में हुआ बंपर वोटिंग, 18 सीटों पर 72.54 फीसदी मतदान

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर :** 20 नवंबर को दूसरे चरण के चुनाव में संताल परगना की 18 विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो गया. 18 सीटों पर 72.54 फीसदी मतदान हुआ. वहीं कई जगहों पर इवीएम में खराबी आने से कुछ देर के लिए मतदान बाधित रहा.

देवघर विधानसभा में हुई 66.01 प्रतिशत वोटिंग

देवघर विधानसभा में कुल 176 बूथों में मतदान केंद्र शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. कुछ इलाके में वीवीपैट में आयी खराबी की वजह से मतदान बाधित हुआ. खड़हरा बूथ संख्या 32 में वीवीपैट खराब हो गयी, जिस कारण सुबह आठ बजे से 10 बजे तक मतदान बाधित रहा. मोहनपुर के डुमरिया बूथ संख्या 377 में एक मतदाता व पुलिस कर्मी के बीच हाथापाई हो गयी, बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया.

दुमका विधानसभा में 70.56 प्रतिशत मतदान

दुमका विधानसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की थोड़ी सुस्ती दिखी, लेकिन ग्रामीण इलाकों में 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में ज्यादा मतदान हुए. चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं गांवों में लंबी-लंबी कतारें दिखीं. शहर के सिदो कान्हू हाई स्कूल दुमका के बूथ नंबर 28 में ईवीएम की सेंटिंग व तकनीकी परेशानी की वजह से पहले वोट में 25 मिनट की देरी हुई. वोट के महत्व को लेकर रंगोलियां बनायी गयी थी.




मधुपुर विधानसभा में 75.91% मतदान

मधुपुर में शाम 5 बजे तक 75.91 फीसदी मतदान हुआ. इवीएम में खराबी के कारण बूथ 201 रेड कारपेट विद्यालय, 118 और 210 में मतदान विलंब से शुरू हुआ. वहीं मतदान केंद्र संख्या 111 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भलुवा पहाडी में पीठासीन पदाधिकारी को एक पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान कराने के आरोप में उन्हें मतदान कार्य से 11 बजे हटा दिया गया और शाम तक मधुपुर थाने में बैठाकर रखा गया. कई जगह शाम पांच बजे के बाद भी मतदान होता रहा.

जरमुंडी विधानसभा में 71.22 % वोटिंग

जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सभी 300 मतदान केंद्र पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. सुबह सात बजे निर्धारित समय से सभी मतदान केंदों पर वोटिंग शुरू हुई. सुबह से ही लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे, और दोपहर एक बजे तक भीड़ बनी रही. 1,42,571 मतदाताओं के लिए 159 मतदान केंद्र बनाया गया था. सीसीटीवी कैमरों से सभी बूथों पर गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी. महिला वोटरों की संख्या अधिक देखी गयी.

गोड्डा विधानसभा में 69.67% मतदान

गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 69.67 प्रतिशत वोट डाले गये. यहां शहरी क्षेत्रों में सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को काफी भीड़ रही. भथडिहा के शिवाजी नगर के बूथ पर डीसी, उनकी पत्नी लुबना कमर के साथ डीडीसी स्मिता टोप्पो ने वोट डाले. गोड्डा के मालनी पथरगामा बालक मध्य विद्यालय में करीब एक घंटे तक इवीएम की गड़बड़ी से मतदान प्रभावित रहा.

महागामा में 66.33 % मतदान हुआ

महागामा विधानसभा के तीन प्रखंडों में महागामा, मेहरमा के साथ ठाकुरगंगटी में कुल 66.33 प्रतिशत वोट दिन के तीन बजे तक डाले गये. जिले में अब तक तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतों का कम प्रतिशत महागामा में रहा. सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से वोट डाले गये. सभी बूथों में दिन भर कड़ी सुरक्षा के बीच वोटरों ने मतदान किया. महागामा के किसी भी बूथ से मतदान में गड़बड़ी की सूचना भी नहीं है.

पोड़ैयाहाट में हुई 69.67% वोटिंग

पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 69.67 रहा. पोड़ैयाहाट प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में भी इस बार वोट के लिये सबसे ज्यादा वोटर घर से बाहर निकले. पोड़ैयाहाट के बाजार स्थित मध्य विद्यालय में बने दो बूथों पर दिन भर मतदाताओं की भीड़ रही. वहीं दो बजे के बाद अचानक पोड़ैयाहाट के पसय बूथ पर भाजपा बूथ एजेंट के साथ मारपीट करने का मामला आने के बाद प्रशासन पहुंचा. अन्य बूथों पर शांति पूर्ण तरीके से वोट डाले गये.

पाकुड़ में 75.63 % मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पाकुड़ विधानसभा में सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की कतार लग गयी थी. तीन बजे के बाद शहरी बूथों पर कतार खत्म हो गयी, वहीं ग्रामीण इलाकों में कतार लगी हुई थी. सुबह 9 बजे 15.21 फीसदी, 11 बजे 33.42 फीसदी, एक बजे 50.74 फीसदी, 3 बजे तक 67.16 फीसदी मतदान हुआ था. इस विधानसभा में मुख्य लड़ाई कांग्रेस, आजसू और समाजवादी पार्टी के बीच हो रही है, जिसने जीत-हार के आकंलन को रोचक बना दिया है.

जामताड़ा में 75.01% हुई वोटिंग

366 बूथों में सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू हो गया. मतदाता भी सुबह सात बजे से बूथों पर पहुंचने लगे थे. 75.01 % मतदान हुआ. शहरी क्षेत्र के बूथों में दोपहर बाद भी मतदाता अपने घर से निकलकर बूथ तक पहुंच रहे थे. चुनाव को शहर के कई बूथों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था. वहीं मिहिजाम शहर के स्नेहपुर कुष्ठ कॉलोनी के लिए हांसीपहाड़ी में इस चुनाव में पहली में मतदान केंद्र बनाया गया था. मुख्य लड़ाई कांग्रेस और भाजपा में है.

बरहेट में 69.50 फीसदी वोटिंग

चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक बरहेट विधानसभा में 66.50 % मतदान हुआ. मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला. कई बूथों पर सुबह 6 बजे से ही वोटिंग के लिए मतदाताओं की कतार देखने को मिली. पतना व बरहेट में एक बूथ को छोड़कर सभी मतदान केंद्रों पर समय पर मतदान शुरू हुआ. बूथ संख्या 98 पर एक बुजुर्ग महिला वोटर की मौत हो गयी.

राजमहल में 71.09 % मतदान

राजमहल 71.09% धूप खिलते ही बूथों पर लगने लगी मतदाताओं की कतार सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू हो गया था. 9 बजे तक मतदान प्रतिशत ठीक रहा. 9 बजे के बाद धूप खिलते ही भारी संख्या में मतदाता अपने घरों से निकले लगे थे. युवा, फर्स्ट टाइम वोटर, महिला, वृद्ध, दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. सुबह 9 बजे तक 13, सुबह 11 बजे तक 28.75, दोपहर एक बजे तक 46.90, दोपहर 3 बजे तक 61% व शाम 5 बजे तक 71.09 % मतदाताओं ने मतदान किया.

बोरियो में 65.85 % मतदान

बोरियो 65.85% पूरे जोश के साथ युवाओं ने मताधिकार का किया प्रयोग बोरियो प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ. अपने मतदान केंद्रों में मतदान करने सुबह साढ़े 5 बजे से ही पहुंचने लगे थे जैसे-जैसे दिन साफ हुआ मतदाता घर से निकले और मतदान किये. मतदान को लेकर युवाओं और महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया. युवा वर्ग पूरे जोश के साथ अपने-अपने बूथों पर पहुंच का मतदान करते दिखे. युवाओं ने अलग-अलग टीम बनाकर 11 बजे तक 25 प्रतिशत मतदान कराया.

लिट्टीपाड़ा में 74.79 प्रतिशत वोटिंग

लिट्टीपाड़ा 74.79% शहरी से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में वोटर टर्नआउट देखा गया लिट्टीपाड़ा विधानसभा में वोटिंग की रफ्तार सुबह से लेकर दोपहर तक काफी तेज रही. इस दौरान शहरी से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में वोटर टर्नआउट देखा गया. लिट्टीपाड़ा विधानसभा में सुबह 9 बजे 16.20 फीसदी, 11 बजे 34.71 फीसदी, एक बजे 53.92 फीसदी, पांच बजे तक 74.79 फीसदी मतदान हुआ था. यहां झामुमो और भाजपा में आमने-सामने की टक्कर है. तीन बूथ 233, 234 और 255 में शाम 4 बजे तक मतदान हुआ.

महेशपुर में 79.82 प्रतिशत मतदान

महेशपुर 79.82% सुबह-सुबह बूथों पर पहुंचने वाले वोटरों का हुआ स्वागत महेशपुर विधानसभा में वोटिंग की रफ्तार जिले में सबसे ज्यादा रही. इस दौरान मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं. वहीं पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी भागीदारी काफी देखी गयी. महेशपुर विधानसभा में सुबह 9 बजे 17.52 फीसदी, 11 बजे 38.35 फीसदी, एक बजे 58.77 फीसदी, पांच बजे तक 79.82 फीसदी मतदान हुआ था. यहां झामुमो-भाजपा में सीधी टक्कर है. वोटरों का फूल देकर स्वागत किया गया.

शिकारीपाड़ा में 74.81% मतदान

शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र कभी उग्रवाद प्रभावित रहा था, जहां बड़ी नक्सली घटनाएं चुनाव के दौरान हुआ करती थीं. पर लोकतंत्र के आगे यह चीजें समाप्त होती गयीं. इस बार भी इस विधानसभा क्षेत्र में जमकर वोटिंग हुई है. काठीकुंड प्रखंड स्थित 29 नंबर आदर्श मध्य विद्यालय बूथ पर दुमका सांसद नलिन सोरेन व झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन ने सपरिवार वोट डाला. झिकरा बूथ में पोलिंग पार्टी के पी-3 पदाधिकारी को बदला गया.

नाला में 80.30 प्रतिशत वोटिंग

नाला में सुबह सात बजे ही मतदाता बूथ पर पहुंचने लगे. मतदान शुरू होते हैं मतदाताओं की लंबी कतार लग गया. जो शाम 5 बजे तक रहा. नाला विधानसभा में सुबह 9 बजे तक 15.7 प्रतिशत मतदान हुआ. 11 बजे तक 36.18 प्रतिशत, एक बजे तक 55.96 प्रतिशत, पांच बजे तक 80.30 प्रतिशत मतदान हुआ. क्या शहर, क्या गांव, सभी जगह वोटर घरों से निकले. यहां मुख्य लड़ाई झामुमो प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो व भाजपा माधवचंद्र महतो के बीच है.

जामा में 71.67% मतदान

जामा 71.67% मतदान को लेकर पुरुषों के साथ-साथ महिला मतदाताएं भी काफी उत्साहित दिखीं. चार मतदान केंद्रों पर मॉक पोल के पूर्व ही इवीएम में तकनीकी खराबी मिली, जिसके कारण दूसरी इवीएम लगाने के बाद यहां मतदान कुछ समय विलंब से प्रारंभ हुआ. चार में से तीन बूथ जामा प्रखंड तथा एक बूथ रामगढ़ प्रखंड का था. रामगढ़ के नौखेता में 11:30 के आसपास एक बार फिर से इवीएम खराब हो गयी. लगभग डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहा.

सारठ में लोगों ने जमकर किया मतदान, पड़े 77.94 % वोट

सारठ विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही वोटरों की लंबी कतार लगी थी. रणधीर सिंह व चुन्ना सिंह के समर्थक लगातार बूथों पर जमे रहे. नौ जगहों पर मॉक पोल के साथ ही इवीएम में खराबी आयी. वहीं 11 मतदान केंद्रों पर विलंब से मतदान शुरू हुआ. सुबह नौ बजे तक 16.33 प्रतिशत वोटिंग हुई. 11 बजे तक 36.86 फीसदी, एक बजे तक 54.80, तीन बजे तक 70.19 फीसदी वोटिंग हो चुकी थी. शाम पांच बजे तक 77.94 फीसदी मतदान हुआ.

## पूर्ण बहुमत से झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार : चंपाई सोरेन

सरायकेलाः पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चंपाई सोरेन ने झारखंड में बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया है. भाजपा के स्टार प्रचारक चंपाई सोरेन ने सरायकेला में मीडिया के समक्ष यह दावा किया है. संथाल परगना में बीजेपी के चुनाव प्रचार अभियान का समापन और दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद चंपाई बुधवार देर शाम अपने गृह जिला सरायकेला लौट आए.



झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकारः चंपाई

सरायकेला लौटने के बाद भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कांड्रा और गम्हरिया क्षेत्र के समर्थकों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना. इस दौरान मीडिया से बातचीत के क्रम में चंपाई सोरेन ने दावा किया कि कोल्हान समेत पूरे संथाल में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल रहा है. चंपाई ने दावा किया कि इस बार झारखंड में एनडीए की सरकार बन रही है. केवल घोषणा की औपचारिकता मात्र बची है.

संथाल में भाजपा के पक्ष में मतदानः चंपाई

चंपाई सोरेन ने दावा किया है कि 20 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में लोगों ने खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है. संथाल के लोग समझ चुके है कि बांग्लादेशी घुसपैठ समेत कई ऐसे गंभीर समस्या है, जिसे केवल भाजपा दूर कर सकती है. इसलिए लोगों ने एकजुट होकर अपना समर्थन भाजपा को दिया है.

गौरतलब हो कि भाजपा के स्टार प्रचारक चंपाई सोरेन भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए संथाल परगना गए थे. संथाल के कई जिलों में घूम-घूमकर उन्होंने बीजेपी के पक्ष में धुंआधार प्रचार किया था. इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से आदिवासियों की घटती संख्या और बांग्लादेशी घुसपैठ का भी मुद्दा उठाया था.

## झामुमो प्रत्याशी के दोनों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित

**साहिबगंज :** झामुमो के जिला अध्यक्ष शाहजहाँ अंसारी ने प्रेस प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 में इंडिया महागठबंधन झामुमो प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले मोहम्मद नईम शेख राजमहल से पौलूस मुर्मू बोरिया से इन दोनो पार्टी के अहित एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए इन दोनों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

## लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवा एवं नया वोटर में था उत्साह

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के अंतिम एवं दुसरे चरण की चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न।मतदाता विभिन्न बूथों पर सुबह सात से ही मतदाताओं की भारी भीड़ लगी रही। लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवा एवं नया वोटर में काभी उत्साह देखा गया।लोग कतारबद्ध होकर बारी बारी से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने को,बुजुर्ग व नवयुवकों में भारी उत्साह देखने को मिला।मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम रहे। खासकर सभी बूथों पर केंद्रीय बल की मौजूदगी से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।राजमहल विधानसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में है।जिनकी किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो गई है।चुनाव प्रभावित ना हो इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से वेबकास्टिंग के जरिए कंट्रोल रूम से हर बूथों की निगरानी रखी गई थी। प्रत्येक बूथों पर भीतर और बाहर एक एक कैमरे लगाए गए थे।पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाए हुए थे।मतदान के दिन मतदाताओं को वाहन से मतदान केंद्र तक लाने और जाने की व्यवस्था की गई थी।जानकारी के अनुसार बूथ संख्या 282,283,273,274,275,276,277,278,368,369,370,371,372,373,374 346,347,348,349,350,351पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ।वही राधानगर थाना पुलिस विभिन्न बूथों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कहां कितना हुआ मतदान प्रतिशत,राजमहल विधानसभा क्षेत्र में 65.25%,बोरियो विधानसभा क्षेत्र में - 65.72 बरहेट विधानसभा क्षेत्र में - 66.13% मतदान हुआ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न।





## असित मोदी संग विवाद पर

# दिलीप जोशी बोले- सफलता देख जल रहे हैं कुछ लोग

अभिनेता दिलीप जोशी ने आखिरकार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के निर्माता असित मोदी के साथ अपने कथित झगड़े को लेकर चल रही अफवाहों पर सफाई दी है। दिलीप ने इन खबरों को 'पूरी तरह से झूठ' करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग शो की सफलता को देखकर जल रहे हैं, इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। अभिनेता ने कहा, मैं बस इन सभी अफवाहों के बारे में स्पष्ट करना चाहता हूं। मेरे और असित भाई को लेकर कुछ ऐसी बातें सामने आई हैं, जो पूरी तरह से झूठी हैं और ऐसी बातें सुनकर मुझे वाकई दुख होता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक ऐसा शो है, जो मेरे और लाखों प्रशंसकों के लिए बहुत मायने रखता है और जब लोग बेबुनियाद अफवाहें फैलाते हैं, तो इससे न केवल हमें, बल्कि हमारे दर्शकों को भी दुख होता है।

जोशी ने कहा, यह देखकर बहुत दुख होता है कि इतने सालों से लोगों को खुशी देने वाले शो के बारे में ऐसी नकारात्मक खबर फैलाई जा रही है। हर बार जब ऐसी अफवाहें सामने आती हैं, तो हम यही समझते हैं कि यह झूठ है। ऐसी खबर या अफवाहें निराश कर देती हैं। यह वास्तव में केवल हमारे बारे में नहीं, बल्कि उन सभी फैंस के बारे में है, जो शो को पसंद करते हैं और ऐसी बातें सुनकर दुखी हो जाते हैं। अभिनेता ने आगे कहा, इससे पहले मेरे शो छोड़ने की भी अफवाहें उड़ी थीं, जो पूरी तरह से झूठ है और अब ऐसा लगता है कि असित भाई और शो को किसी तरह से बदनाम करने की कोशिश में एक और नई कहानी फिर से सामने आएगी। ऐसी बातें जब-जब सामने आती हैं, तो दुख होता है। मैं यह सोचने से खुद को रोक नहीं पाता कि क्या कुछ लोग शो की बड़ी सफलता से जल रहे हैं? मुझे नहीं पता कि इन कहानियों को फैलाने के पीछे कौन है, लेकिन मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं शो में हूं और प्यार और जुनून के साथ काम कर रहा हूं। मैं लंबे समय से इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा रहा हूं और मैं हमेशा इसका हिस्सा बना रहूंगा।

लोकप्रिय कॉमेडी टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जेठालाल की भूमिका निभाने वाले दिलीप ने कहा, हम सभी इस शो को बेस्ट बनाने में जुटे हुए हैं और इसके लिए एक साथ खड़े हैं। मैं बस यही चाहता हूं कि मीडिया ऐसी आहत करने वाली खबरों को छापने से पहले तथ्यों की जांच कर ले। इसके साथ ही उन्होंने समर्थन करने के लिए फैंस का आभार भी जताया।

हाल ही में आई कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, असित के साथ दिलीप की बहस हो गई थी और बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर उन्होंने मोदी का कॉलर पकड़ लिया और शो छोड़ने की धमकी दी। हालांकि, ऐसी खबरें भी आईं कि असित ने उन्हें शांत किया और दोनों के बीच का विवाद निपट गया।



# ईद के साथ होली भी मनाएंगे सिकंदर

सलमान खान ईद 2025 के दौरान साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। यह फिल्म वर्तमान में हैदराबाद में मैराथन शूटिंग शेड्यूल के बीच में है, जिसमें सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, सत्यराज और शरमन जोशी हैं। लगभग 50 प्रतिशत फिल्मांकन पूरा होने के साथ टीम का लक्ष्य जनवरी 2025 तक पोस्ट प्रोडक्शन भी पूरा करना है।

वहीं, अब इस फिल्म के बारे में नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, साजिद नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस और संगीतकार प्रीतम ने पहले ही सिकंदर के लिए दो संभावित चार्टबस्टर ट्रैक तय कर लिए हैं। बताया गया है कि सिकंदर एक उत्सव है और सलमान, साजिद और मुरुगादॉस साफ तौर पर ईद 2025 रिलीज के लिए एक उत्साहित एल्बम के साथ आना चाहते हैं। महीने की शुरुआत में सलमान खान और रश्मिका मंदाना ने सिकंदर के लिए ईद और होली के बैकग्राउंड पर सेट दो डांस नंबर शूट किए हैं।

**चार्टबस्टर बनेंगे दोनों गाने?**

आगे बताया गया कि ये दोनों ट्रैक अलग-अलग रोमांच का वादा करते हैं। इनमें से एक ईद-थीम वाली कव्वाली और दूसरा गाना होली से प्रेरित है, जिसमें प्रेम की भावनाएं दिखाई जाएंगी। दोनों गानों के तुरंत चार्टबस्टर होने की उम्मीद है, क्योंकि सेट पर हर कोई शूटिंग के दौरान थिरक रहा था। सलमान को भी लगता है कि दोनों रचनाएं प्रीतम की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं में से हैं। सिकंदर की पूरी टीम एक ऐसा एल्बम बनाने को लेकर आश्वस्त है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

**दो और गानों की जल्द होगी शूटिंग**

फिल्म सिर्फ इसके संगीत के बारे में नहीं है। दो बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस पहले ही फिल्माए जा चुके हैं, आने वाले हफ्तों में दो और सीक्वेंस की योजना बनाई गई है। सिकंदर के एक्शन में एक नया मोड़ है और दर्शकों को एक रोमांचक उम्मीद है। जब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म को विजुअल्स के साथ पेश करने का फैसला किया है। इन दो डांस नंबरों के अलावा, दो और गानों पर काम काम चल रहा है, जिसमें एक रोमांटिक नंबर भी शामिल है। सिकंदर के बाकी गाने जनवरी में शूट किए जाएंगे।

**अगले साल ईद पर रिलीज होगी फिल्म**

सिकंदर सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस की पहली फिल्म है। दोनों मिलकर एक एक्शन ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और काजल अग्रवाल भी हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2024 में मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म में अभिनेता शरमन जोशी भी हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है, जिसकी शूटिंग दिसंबर 2024 तक पूरी करने की योजना है। सिकंदर को खत्म करने के बाद सलमान खान जनवरी या फरवरी 2025 के आसपास एटली के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए तैयार हैं।



## धनुष के साथ विवाद के बीच

# नयन को मिला जान्हवी का समर्थन

डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल का प्रीमियर 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर हुआ था। यह नयनतारा के करियर और व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताती है, जिसमें विग्नेश शिवन के साथ उनकी प्रेम कहानी और शादी भी शामिल है, जो नानुम राउडी धान के सेट पर शुरू हुई थी। इस डॉक्यूमेंट्री को लेकर साउथ सुपरस्टार धनुष और नयनतारा के बीच जुबानी और कानूनी जंग छिड़ी हुई है। अब इस पर जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है।

### जान्हवी कपूर ने किया नयनतारा का समर्थन

डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल का प्रीमियर अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर नेटफ्लिक्स पर हुआ था। धनुष और नयनतारा की लड़ाई के बीच अब बॉलीवुड जान्हवी कपूर ने अभिनेत्री का समर्थन किया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने हाल ही में नयनतारा के लिए अपना प्यार व्यक्त करते हुए उन्हें एक मजबूत महिला बताया। इंस्टाग्राम पर अपने विचार साझा करते हुए जान्हवी ने नेटफ्लिक्स की नई डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल की प्रशंसा करते हुए लिखा, एक मजबूत महिला को एक मजबूत महिला जैसा देखने से यादा प्रेरणादायक कुछ नहीं।



## अभिनेता नहीं होते तो

# साइंटिस्ट होते किंग खान

**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनियाभर में है। रोमांटिक से लेकर एक्शन फिल्मों तक उनका खूब जादू चला है। लेकिन, क्या आपको पता है एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले अभिनेता की प्लानिंग कुछ और ही थी। शाहरुख खान अगर अभिनेता नहीं होते तो क्या होते? वैसे तो उनके अभिनय कौशल और प्रशंसकों के बीच उनकी दीवानगी को देख यह सवाल करना ही अपने आप में अटपटा लगता है। लेकिन, इसका उत्तर खुद किंग खान ने दे दिया है। एक्टिंग की दुनिया में एंट्री करने से पहले उनकी कुछ और ही प्लानिंग थी। असल में वे साइंटिस्ट बनने के लिए पढ़ाई कर रहे थे। हाल ही में दुबई में एक समिट में खुद शाहरुख खान ने यह खुलासा किया है।

शाहरुख खान का कहना है कि इंडस्ट्री से दूर उनका करियर बिल्कुल हटकर होता। शाहरुख खान ने अपनी अभिनय यात्रा पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह एकेडमिक दुनिया से सिल्वर स्क्रीन तक आए। शाहरुख खान ने कहा, मैंने साइंटिस्ट बनने के लिए पढ़ाई की। मैं अर्थशास्त्री बन गया और फिर मास कम्युनिकेशन सीखा। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, टेलीविजन भारत में तब आया ही था और वे मुझे 1,500 रुपये मिल रहे थो, जो कि उस समय काफी बड़ी रकम थी। इस दौरान शाहरुख खान ने उस पल का खुलासा किया, जब उनके करियर में एक अहम पड़ाव आया।

शाहरुख खान ने कहा, एक दिन, मैं अपने स्कूटर से घर जा रहा था और दो महिलाओं के पास रुका। उन्होंने मुझे देखा और चिल्लाने लगीं। उनकी खुशी देखकर, मैंने खुद से कहा, मुझे यही करना है। मुझे लोगों को खुश करना है। इसलिए, मैं एक अभिनेता बन गया।

# अर्जेंटीना विश्व कप में जगह बनाने के करीब पहुंचा, चिली की उम्मीदें बरकरार



**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना ने 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि चिली ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। ब्यूनस आयर्स में, इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार वॉली ने अर्जेंटीना को पेरू पर 1–0 से घरेलू जीत दिलाई। मार्टिनेज ने 55वें मिनट में गतिरोध को तोड़ा जब उन्होंने लियोनेल मेसी के क्रॉस पर एक शानदार गोल किया। इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और क्वालीफाइंग अभियान में अपनी आठवीं जीत दर्ज की। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। मैच के बाद मार्टिनेज ने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमने साल का अंत सकारात्मक तरीके से और लीडर के रूप में किया है।' 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'यह व्यक्तिगत रूप से एक शानदार साल रहा है, लेकिन मैं हर दिन बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं।' इस बीच, चिली ने क्वालीफायर में अपनी दूसरी जीत दर्ज की और सैंटियागो में वेनेजुएला को 4–2 से हराया। चिली के लिए लुकास सेपेडा ने दो गोल किए और एक और गोल की नींव रखी। चिली नौ अंकों के साथ ग्रुप में नौवें स्थान पर है, जो आठवें स्थान पर मौजूद वेनेजुएला से तीन अंक पीछे है और सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से चार अंक पीछे है। शीर्ष छह टीमें स्वत: ही संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में आगे बढ़ेगी।

# सीरी ए 2024-25: जेनोआ के मुख्य कोच नियुक्त हुए पूर्व आर्सेनल मिडफील्डर पैट्रिक विएरा



एजेंसी

**रोम।** पूर्व आर्सेनल मिडफील्डर और फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पैट्रिक विएरा को जेनोआ का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इतालवी सीरी ए टीम ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

जेनोआ इस सीजन की शुरूआत से ही संघर्ष कर रहा है, पूर्व कोच अल्बर्टो गिलार्डिनो के नेतृत्व में 12 राउंड के बाद केवल 10 अंक जुटा पाया, जो कि रिलीगेशन जोन से एक अंक ऊपर था, जिसके कारण ग्रिफोन ने 2006 के विश्व कप विजेता को बाहर का रास्ता दिखाया।

कैन्स में अपने पेशेवर करियर की शुरूआत करते हुए, विएरा ने आर्सेनल में जाने से पहले एसी मिलान में एक छोटा कार्यकाल बिताया, जहाँ उन्होंने नौ साल के कार्यकाल में प्रसिद्धि हासिल की। मिडफील्डर ने 2011 में अपने जूते लटकाने से पहले जुवेंटस, इंटर मिलान और मैनचेस्टर सिटी के लिए भी खेला। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद, फ्रांसीसी ने मैनचेस्टर सिटी में एक युवा कोच के रूप में भूमिका निभाई। 48 वर्षीय ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी, नाइस, क्रिस्टल पैलेस और स्ट्रासबर्ग के साथ भी काम किया। इतालवी आउटलेट्स के अनुसार, विएरा ने 2026 तक के लिए एक डील साइन की है। जेनोआ की कमान संभालने के बाद विएरा का पहला मैच शनिवार को कैग्लियारी के खिलाफ घरेलू मुकाबला होगा।

# डब्ल्यूटीटी फाइनल्स 2024 : पहले दिन ही बाहर हुए चीनी पैडलर्स



एजेंसी

**किताक्यूशू, जापान।** जापान के फुकुओका में 2024 विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) फाइनल के पहले दिन बुधवार को चीनी पैडलर्स को शुरूआती दौर में ही बाहर होना पड़ा। पुरुषों के एकल वर्ग के मुख्य मुकाबले में लियांग जिंगकुन का सामना जापान के तोमोकाजू हरिमोटो से हुआ। हरिमोटो ने पहला सेट 11-7 से जीता और फिर 11-6 से दूसरा सेट जीतकर अपनी बढ़त को और मजबूत किया। हालांकि लियांग ने तीसरे सेट में 11-9 से वापसी की, लेकिन हरिमोटो ने चौथे सेट में 12-10 से जीत दर्ज करके अपनी जीत पक्की कर ली। जीत दर्ज करने के बाद हरिमोटो ने कहा, वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, मुझे पता था कि यह कठिन होगा। शुरूआत में पिछड़ने के बाद, मैंने इसे बिंदु दर बिंदु आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। मैं इस खिताब को जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, खासकर इसलिए क्योंकि यह साल का अंतिम टूर्नामेंट है। एक अन्य चीनी प्रतियोगी, लिन गाओयुआन को स्लोवेनिया के डार्को जोर्गिक से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनका अभियान समय से पहले ही समाप्त हो गया। महिला एकल में चीन की कियान तियानी और वांग यिदी दोनों आगे बढ़ीं। कियान ने प्यूर्टो रिको की एड्रियाना डियाज को सीधे सेटों में हराया, जबकि वांग ने चीनी ताइपे की चेंग आई-चिंग को 3-1 से हराया। लेकिन युगल स्पधाओं में भी चीन को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। पुरुष युगल में चीन के जियांग पेंग और युआन लिसेन क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर के पैंग यू एन कोएन/इजाक क्वेक से 0-3 से हार गए। महिला युगल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंगशा और वांग यिदी को जापान की डिफेंसिव जोड़ी हितोमी सातो और होनोका हाशिमोटो ने 1-3 से हराया, जबकि कोरिया की दुनिया की नंबर 1 जोड़ी शिन यू-बिन और जियोन जी-ही भी जापान की सकुरा योकोई और सतसुकी ओडो से 0-3 से हारकर बाहर हो गईं। डब्ल्यूटीटी फाइनल 20 से 24 नवंबर तक चलेगा।

# वेस्टइंडीज 2024 को जीत के साथ समाप्त करना चाहता है: आंद्रे कोली

एजेंसी

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच आंद्रे कोली ने बुधवार को कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी निराशाजनक घरेलू टेस्ट सीरीज को पीछे छोड़कर साल का अंत जीत के साथ करने की जरूरत है। वेस्टइंडीज की टीम 22 नवंबर से एंटीगुआ में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार है।

भले ही यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हो, लेकिन दोनों टीमों के लिए यह सीरीज बहुत मायने नहीं रखती क्योंकि वर्तमान में बांग्लादेश और वेस्टइंडीज क्रमशः 27.50 और 18.52 अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में आठवें और नौवें स्थान पर हैं। हालांकि, मेजबान टीम साल का समापन जीत के साथ करना चाहेगी, जिसमें उनकी एकमात्र टेस्ट सफलता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा हुई सीरीज है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के बाद वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी लय खो दी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करते हुए वे शुरूआती टेस्ट को ड्रा करने में सफल रहे जबकि दूसरे टेस्ट में उन्हें 40 रन से हार का सामना करना पड़ा, जो कोली के अनुसार एक बड़ी निराशा है।

कोली ने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले मैच से पहले कहा, 'जीत के साथ साल का अंत करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका सीरीज में हर तरफ से निराशा ही हाथ लगी थी।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले, पहले तीन या चार दिन बारिश के कारण बाधित रहे थे और उसके बाद से हम एंटीगुआ में मैदान पर कुछ अच्छे सत्र खेलने में सक्षम रहे और हर कोई अच्छे मूड में है और हर कोई फिट और उपलब्ध है। हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम पाकिस्तान जाने से पहले घरेलू धरती पर जीत के साथ परिणाम हासिल करें... यह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के इस संस्करण में अंतिम चार टेस्ट मैच हैं, हमारे लिए यहाँ अच्छा प्रदर्शन करना, श्रृंखला जीतना और पाकिस्तान जाने से पहले लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है।' वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ, जिन्हें अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था, बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वापस आ गए हैं। हालांकि, मेजबान टीम को श्रृंखला में ऑलराउंडर जेसन होल्डर की सेवाओं की कमी खलेगी, क्योंकि वह कंधे की चोट से उबर रहे हैं।

कोरी ने कहा, 'प्रत्येक खिलाड़ी के पास एक अवसर है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू और विदेशी दोनों ही श्रृंखलाओं में खेला है और सफल रहे हैं और उन श्रृंखलाओं में जीत हासिल की है। आप जानते हैं कि खिलाड़ी एक-दूसरे से परिचित हैं और हमारे पास कुछ नए खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने उन श्रृंखलाओं में से कोई भी नहीं खेली है।' उन्होंने कहा, 'यह वरिष्ठ खिलाड़ियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए एक अवसर है, आप जानते हैं कि हम एक टीम के रूप में सक्षम हैं और हम पिछले साल और डेढ़ साल के प्रदर्शन के आधार पर सब कुछ एक साथ बनाना और बनाना जारी रखते हैं और जैसा कि हमने कहा कि हम इस साल को वास्तव में अच्छे फॉर्म में खत्म करना चाहते हैं। दूसरा टेस्ट मैच 30 नवंबर को जमैका में होना है।

# नवादा में 42 अपराधी गिरफ्तार 3 लाख 88 हजार रुपये बरामद

एजेंसी

**नवादा :** नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने गुरुवार को बताया कि विशेष अभियान चला कर बुधधार की रात पुलिस ने 42 लोगों को गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी उस वक्त हुई जब रात में पुलिस सड़क पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी. नवादा के एसपी अभिनव धीमान के आदेश पर अचानक सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस उतरी और जांच शुरू कर दी ।इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 42 लोग पकड़े जो लूट, चोरी, अपहरण और अन्य मामलों में फरार चल रहे थे. वाहन चेकिंग के दौरान तीन लाख 88 हजार रुपये का फाइन भी काटा गया. अचानक बड़ी संख्या में



सड़क पर इस तरह पुलिस को देख स्थानीय लोग भी सकते में आ गए. नवादा एसपी अभिनव धीमान की ओर से यह जानकारी दी गई कि रात 10 बजे पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया. जांच के क्रम में फरार चल रहे 42 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है. उधर एक साथ 42 लोगों की गिरफ्तारी के बाद जिले में हड़कंप मच गया है. नवादा के ट्रैफिक प्रभारी जय नंदन कुमार ने कहा कि अधिकारियों के आदेश पर विशेष जांच की गई है. कोई शराब आदि और कोई गैर कानूनी चीज इधर-उधर ना ले जाए, इन सबको देखते हुए चेकिंग की गई है. बड़ी गाड़ियों की जांच के दौरान गड़बड़ी मिलने पर चालान भी काटा गया है। बता दें कि जिले के सबसे बड़े चौक प्रजातंत्र चौक, सद्भावना चौक, वारिसलीगंज मोड़ आदि जगहों को चिह्नित कर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी. शहर में अपराध पर कैसे कंट्रोल किया जाए इसको लेकर वरीय पदाधिकारी लगे हुए हैं. छोटी-मोटी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है.

## कैथलः महिला से विदेश में बैठा भांजा बता कर लाखों ठगे




एजेंसी

**कैथल :** साइबर ठग ने हावड़ा निवासी एक महिला को विदेश में रह रहा उसका भांजा बातकर साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अगौंध निवासी जसविंद्र कौर ने साइबर थाना में शिकायत दी कि उसकी ननद का लड़का बंटी कई साल से पुर्तगाल गया हुआ है। चार सितंबर को उसके पास एक नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने स्वयं को बंटी बताया और कहा कि मैंने आपके बैंक खाते में 16 लाख 15 हजार रुपये डालने हैं। ऐसा कहकर आरोपी ने उससे खाता नंबर ले लिया। अगले दिन कॉल करके कहा कि उसने रुपये डलवा दिए हैं। उसके दोस्त के लड़के के गुर्दे खराब हो गए हैं। उसको तीन लाख 50 हजार रुपये खाते में डलवा देना। वह आरोपी की बातों में आ गई और दिए हुए खाते में रुपये डलवा दिए। उसके बाद फिर कॉल आया और पांच लाख रुपये की और मांग करने लगा।

## कारखाने के मानचित्र का अनुमोदन, संशोधन और नवीनीकरण अब ऑनलाइन होंगे

एजेंसी


**मुरादाबाद :** कारखाने की परिधि में आने वाले प्रतिष्ठानों के मानचित्र, लाइसेंस जारी करने, संशोधन और नवीनीकरण का कार्य अब मैनुअल नहीं होगा। यह फेसलेस और आनलाइन किया जाएगा। सरकार की ह्यईज ऑफ डूइंग बिजिनेस नीति के तहत यह शुरूआत की गई है। सहायक निदेशक (कारखाना) अमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि कारखानों के मानचित्र का अनुमोदन, संशोधन और नवीनीकरण अब आनलाइन प्रारंभ हो गए हैं। साथ ही आनलाइन माध्यम से ही कारखानों के लाइसेंस भी जारी होंगे। इसके लिए पोर्टल शुरू हो गया है। सहायक निदेशक ने आगे बताया कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की दिशा में पारदर्शी व्यवस्था तैयार की गई है। आनलाइन माध्यम से ऑटोमोड स्वतः लाइसेंस नवीनीकरण की व्यवस्था शुरू की है। रिटर्न भरने में, कारखाना स्थाई अथवा स्थाई बंद होने पर सूचनाएं प्रेषित करने को ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है। कारखानों के लाइसेंस भी ऑनलाइन नवीनीकरण किए जाएंगे। उद्यमियों को लाइसेंस अवधि खत्म होने के दो माह पहले ही एसएमएस व मेल के माध्यम से जानकारी प्रदान की जा रही है। इस मैसेज के मिलने पर ही उद्यमी ऑनलाइन शुल्क जमाकर स्वयं नवीनीकरण कर सकते हैं। सहायक निदेशक कारखाना ने बताया कि अब पोर्टल के माध्यम से ऑटोमेटेड मोड में लाइसेंस नवीनीकरण की व्यवस्था शुरू की गई है। साथ ही कारखाने की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न दस्तावेजों तथा सूचनाएं भेजने की प्रक्रिया को भी सुविधाजनक बनाया गया है। अब कारखाना अधिनियम-1948 के अंतर्गत प्रपत्र 11, वार्षिक रिटर्न के प्रपत्र-21 एवं अर्द्धवार्षिक रिटर्न के प्रपत्र-22 को ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही कारखाने के अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से बन्द होने संबंधी सूचनाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में भी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। उद्यमी विभागीय पोर्टल पर लॉगइन कर सूचनाएं बिना कार्यालय गए हुए भेज सकेंगे।

# फतेहाबाद : मांगों पर शिक्षा अधिकारियों से मिला अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल

एजेसी

**फतेहाबाद :** अध्यापकों की विभिन्न मांगों को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद दहिया से मिला। शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में संघ प्रतिनिधिमंडल द्वारा सभी अध्यापकों की एलटीसी, एसीपी व मेडिकल बिलों का समय पर समाधान करने बारे चर्चा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी को बताया गया कि जोगिंदर सिंह पीजीटी हिंदी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल म्योन्द कलां की माता का 29 हजार 500 रुपए का मेडिकल बिल कई दिनों से लटका हुआ है, जबकि उन्होंने आय से संबंधित सभी कागजात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर दिए हैं। इसी प्रकार जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से



अनुरोध किया गया कि 2011 में नियुक्त जेबीटी अध्यापकों के विरुद्ध एफआईआर निरस्त होने के कारण पत्र जारी किया जाए व इन अध्यापकों की एसीपी भी लगाई जाए। गेस्ट अध्यापकों की एलटीसी का बजट जारी किया जाए। संघ प्रतिनिधिमंडल ने जेबीटी से मुख्यशिक्षक की प्रमोशन जल्दी करने, एचकेआरएन के तहत लगे अध्यापकों का बजट जल्दी जारी करने की मांग की। सभी प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में सफाई कर्मचारियों ने होने से सफाई व्यवस्था सही नहीं है। स्कूलों के लिए सफाई कर्मचारी की व्यवस्था करने के लिए प्रयास किए जाएं। अशोक कुमार जेबीटी जीपीएस अजीत नगर की सीसीएल स्वीकृत करने, सभी अध्यापकों के जीआईएस नंबर जारी करने, मिड डे मील वर्कर व पार्टटाइम वर्क्स का मानदेय जारी करने ,मिड डे मील के राशन व दूध की पूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने बारे विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने संघ प्रतिनिधिमंडल को बताया कि 2011 में नियुक्त अध्यापकों के मामले बड़े नोटिंग की जा चुकी है। गेस्ट अध्यापकों की एलटीसी का बजट प्राप्त नहीं हुआ है, इसके लिए एक करोड़ 82 लाख की मांग की जा चुकी है। एचकेआरएन के तहत लगे अध्यापकों के वेतन बारे तीन रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं। सफाई कर्मचारियों की मांग भी उच्च अधिकारियों के पास भेज देंगे। हेड टीचर की पदोन्नति के लिए जनवरी तक मामला हल कर दिया जाएगा। मिड डे मील वर्कर का केंद्र सरकार का बजट न मिलने के कारण वेतन सही समय पर नहीं दिया जा सकता, राशन में दूध की पूर्ति सुचारू रूप से करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात, 'फेंजल' के तट पर पहुंचने की संभावना

एजेंसी

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय स्थिति बन चुकी है, जिससे मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में 'फेंजल' नामक चक्रवात के बनने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण अंडमान और निकोबार के पास बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय दबाव क्षेत्र बन चुका है। इसके प्रभाव से आस-पास के क्षेत्रों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे तेज होकर 'गहरे दबाव' और फिर चक्रवात का रूप ले सकता है। मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा है



कि चक्रवातीय दबाव अगले 24 घंटे में और मजबूत हो सकता है। समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की गति के चलते यह चक्रवातीय दबाव शनिवार या रविवार को मुख्य भारतीय भूभाग के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच सकता है। इसके चलते तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इसका असर पड़ सकता है। श्रीलंका के उत्तरी तटीय इलाकों में भी इसके प्रभाव की आशंका जताई गई है। अगर यह चक्रवात पूर्ण रूप लेता है, तो इसे 'फेंजल' नाम दिया जाएगा। यह नामकरण सऊदी अरब द्वारा किया गया है। इससे पहले अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में इसी क्षेत्र में बने 'दाना' चक्रवात ने भारी प्रभाव डाला था, जिसका नाम कतर द्वारा दिया गया था। हालांकि, आईएमडी ने अब तक इस संभावित चक्रवात की सटीक दिशा, तीव्रता या उससे होने वाले नुकसान के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी ऐहतियाती कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समुद्र में मछुआरों को नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीसीएस आईटी ने लगाई ऊंची छलांग

एजेंसी

**मुरादाबाद :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कॉलेज आफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इंफार्मेशन टेक्नोलाजी (सीसीएसआईटी) ने ऊंची छलांग लगाई है। सीसीएसआईटी का एशिया पैसेफिक रीजन-इंडिया में अमेजॅन वेब सर्विसेज-एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड हो गया है। आईआईटी इंदौर के दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू के तहत क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर यूजिंग पर स्टुडेंट्स के फर्स्ट बैच के प्रशिक्षण के बाद टीएमयू ने यह बड़ी उपलब्धि पाई है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कुलाधिपति सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने गुरुवार को संयुक्त रूप से बताया कि सीसीएसआईटी का एशिया पैसेफिक रीजन इंडिया में अमेजॅन वेब सर्विसेज एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड होना वैश्विक स्तर पर उभरते टीएमयू की तस्वीर है। फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने साझा करते हुए बताया, यूनिवर्सिटी के लिए यह एक बड़ा दिन है। उन्होंने इसका श्रेय आला प्रबंधन के संग-संग सीसीएसआईटी की फैकल्टीज और स्टुडेंट्स को भी दिया।दटीएमयू वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं कि एडब्ल्यूएस की एकेडमी में लिस्टेड होने के बाद टीएमयू के छात्रों को अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण में और मजबूती मिलेगी। साथ ही सीसीएसआईटी स्टुडेंट्स के कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर मंजुला जैन ने कहा कि एशिया प्रशांत भारत क्षेत्र के तहत अधिकृत एडब्ल्यूएस अकादमी के रूप में यह मान्यता टीएमयू समुदाय के सामूहिक समर्पण और दृष्टि का प्रतिफल है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान सपाट स्तर पर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी बनी रही। एशियाई बाजारों में आज दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका में आज महंगाई के आंकड़े आने वाले हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार महंगाई के आंकड़े में वृद्धि हो सकती है। इस आशंका की वजह से पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में निवेशक सतर्क मुद्रा में कारोबार करते रहे। निगेटिव सेंटीमेंट्स के बीच वॉल स्ट्रीट के



सूचकांक सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.13 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 5,917.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,958.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 43,398.62 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,085.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,198.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.29 प्रतिशत टूट कर 19,004.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,747.94 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.47 प्रतिशत उछल कर 2,494.04 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,198.03 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 353 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,316.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 362.30 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 37,990.04 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 19,680.23 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.35 प्रतिशत लुढ़क कर 22,608.84 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 1.16 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 1,445.55 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,364.64 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई थी। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला था, वहीं निफ्टी ने गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये दोनों सूचकांक जोरदार गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से शेयर बाजार की हालत में मामूली सुधार जरूर हुआ, लेकिन दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत और निफ्टी 0.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दिल्ली रूट पर बढ़ेंगी उत्तराखंड रोडवेज की बसें, सौ नई बीएस-6 बसें खरीदने की तैयारी

**देहरादून :** दिल्ली में रोडवेज बस सेवा प्रभावित होने के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए दिल्ली रूट पर उत्तराखंड रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह बसें यूपी के मोहननगर और कौशांबी तक चलाई जाएंगी। उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि बीएस-3 और बीएस-4 बसों पर लगे नए नियमों के चलते दिल्ली में इन बसों का संचालन बंद है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने दिल्ली के लिए बस सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए इस रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल दिल्ली रूट पर निगम की करीब 300 बसें चल रही हैं, जिनमें 181 सीएनजी, 12 वॉल्वो और 103 नई बीएस-6 बसें शामिल हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम यूपी के मोहननगर और कौशांबी तक बसें संचालित करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत जारी है। इसके अलावा, निगम ने शासन को 100 नई बीएस-6 मॉडल बसों की खरीद का प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद इन बसों को दिल्ली रूट पर शामिल किया जाएगा।

### कश्मीर घाटी के अधिकांश मौसम केंद्रों पर तापमान हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में रात के तापमान में मामूली सुधार देखा गया है। हालांकि अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को कश्मीर घाटी के अधिकांश मौसम केंद्रों पर तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा तथा घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी है। इसी बीच जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रात का तापमान शून्य के नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। स्वतंत्र मौसम पर्यवेक्षक फैजान आरिफ ने कहा कि बुधवार को मौसम की सबसे ठंडी रात का अनुभव करने के बाद दक्षिण कश्मीर का शोपियां दूसरे दिन गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री सेल्सियस, लारनू में शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस, कुलगाम में शून्य से नीचे 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में तापमान में सुधार हुआ और गुरुवार को शून्य से नीचे 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान 0.0 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस, कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि कश्मीर घाटी में 23 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। उसने बताया कि 24 नवंबर को फिर से बारिश होने की संभावना है जिससे ऊंचाई वाले इलाकों और कश्मीर के छिटपुट स्थानों और जम्मू संभाग के अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और हल्की बर्फबारी की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसके बाद 30 नवंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।

### नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 63 लाख से अधिक के कार्य स्वीकृत

**बलौदाबाजार :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नगरीय निकायों के विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही इसी तारतम्य में नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज गुरुवार कओ कुल 63 लाख 93 हजार के कार्य स्वीकृति मिली हैं। जिसमें वार्ड क्र.1 में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 10 लाख 32 हजार रुपये, वार्ड क्र.3 में मरदा मोड़ सना अंसारी से विनोद अनंत के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 7 लाख 73 हजार रुपये सहति अन्य कार्य शामिल है।

### चोरों ने रिटायर्ड असि. कमांडेंट के बंगले पर बोला धावा, नगदी के साथ गहने लेकर फरार

**जबलपुर :** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत स्थित नर्मदा नगर में रिटायर्ड असि. कमांडेंट विवेक शर्मा के बंगले पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। विवेक शर्मा परिवार सहित शहर से बाहर है। सूने बंगले को पाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पूरे बंगले में समान उलट पलट कर दिया कर दिया। नगदी के साथ गहने भी ले गए। इसके साथ ही चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। फिंगर प्रिंट टीम एवं डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंच चुकी है।

### जबलपुरः रफ्तार का कहर, तेज रफ्तार बोलेरो बिजली के खंभे से टकराई

**जबलपुर :** शहर में नशेड़ी वाहन चालकों द्वारा गौरी घाट रोड पर रफ्तार का कहर बरपाना जारी है। यह रोड इस समय दुर्घटनाओं का डेंजर जोन बन चुका है। प्रतिदिन तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले नशेड़ियों द्वारा यहां दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। यहां आए दिन हिट एंड रन के केस हो रहे हैं। बुधवार रात को भी नशे में डूबे बोलेरो चालक ने अत्यंत तेज रफ्तार से डिवाइडर पर चढ़ते हुए बिजली के खंभे में टक्कर मार दी, जिससे खंबा टूटकर सड़क पर गिर गया एवं क्षेत्र में करंट फैल गया। रफ्तार इतनी तेज थी की बोलेरो डिवाइडर पर चढ़ती हुई टकराई जिससे बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन में बैठे नशेड़ी चालक को हल्की चोट आई। मौके पर फैले कांच एवं सड़क पर पड़े हुए बिजली के खंभे से घटना की भयावहता का अंदाज लगाया जा सकता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। वही सड़क पर पड़े करन्ट युक्त बिजली के खंभे को विद्युत विभाग ने अलग किया। इस घटना के बाद पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। घटना के पश्चात अंधेरे में सड़क पर गिरे बिजली के करंट युक्त पोल से कई लोग टकराने से बचे। मौके पर पहुंचे एसआई से क्षेत्रीय लोगों ने जब ट्रैफिक डायवर्ट करने बोला तब जाकर आगे से डाइवर्ट किया गया। लेकिन तब तक कई लोग करंट की चपेट में आने से बचे। नर्मदा रोड पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश आवश्यक है और यह तब संभव है जब रफ्तार पर कंट्रोल किया जाए। नर्मदा दर्शन के नाम पर नशेड़ी युवाओं की टोली देर रात तक इस रोड पर दुपहिया व चार पहिया वाहनों की रेस करती देखी जा सकती है। इस तेज रफ्तार ने न जाने कितने घरों के चिराग बुझा दिए एवं कितनों को विकलांग कर दिया। इस रोड पर लगाए जाने वाले पुलिस के चेकिंग पॉइंट केवल चालान करने तक सीमित हैं। नशे की जद में लोगों को रौंद रहे नशेड़ी रईस जादे न केवल कानून को ताक पर रखे हैं बल्कि लोगों की जान भी अपने हाथों में लेकर चल रहे हैं। यदि आपको अपनी जान की परवाह है तो रात्रि में नर्मदा दर्शन से परहेज करें।

### उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा केपरिणाम घोषित

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर गुरुवार को यह जानकारी दी गई। बोर्ड ने कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की दिनांक 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को संपन्न लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि कि प्राप्तांकों की श्रेष्ठ और आरक्षण के लंबवत एवं क्षैतिज नियमों के अनुसार चयन प्रक्रिया के अगले चरण अभिलेखों की समीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों की सूची एवं विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट uppb.gov.in पर जारी करी की गयी है।

## भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में किया शिरकत





**बिनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के आईएएस अधिकारी अरवा राजकमल नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशल ट्रेड फेयर (आई.आई.टी.एफ-2024) झारखण्ड पेवेलियन में लगाये गये स्टाल आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है। इस स्टॉल में सबसे बड़ी उपलब्धि और गौरव की बात यह है कि मोतीपालन की विधि के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है। यहीं नहीं झारखण्ड मण्डप में आने वाले लोगों को मतस्य पालन के साथ-साथ मोती उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है जो निश्चित तौर पर यह झारखण्ड के लिए गौरव और एतिहासिक उपलब्धि भी है तथा इस व्यवसाय से होने वाले आमदनी के बारे में भी व्यापक रूप से जानकारी दी जा रही है। विदित हो कि प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना के अंतर्गत झारखण्ड में हजारीबाग जिला को मोती उत्पादन के लिए अग्रणी जिला के रूप में चयनित किया गया है। इस स्टॉल में झारखण्ड के वरीय आईएएस अधिकारी अरवा राजकमल जो भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के झारखण्ड मण्डप में रेसिडेंस कमिस्नर के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने भी आज इस स्टॉल का निरीक्षण किया जो निश्चित तौर पर झारखण्ड के लिए उपलब्धि और गौरव है।

## बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की सीनियर टीम जमशेदपुर रवाना



**बोकारो :** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की सीनियर पुरुष की टीम 24 वी झारखंड राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना । इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के 15पुरुषों एवं 11 महिलाओं की टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता 21 से 24 नवम्बर तक जमशेदपुर के धातकीडीह बास्केटबॉल कॉर्ट , धातकीडीह में खेली जाएगी। पूर्वी सिंहभूम जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की टीम अपना कौशल दिखाएगी। पुरुष टीम :- परमजीत सिंह,हर्ष राज,सचिन कुमार, सचिन राय, मोहनीश रजा, आकाश बेसरा, आयुष खवाश एवं रमेश,कोच- आयुष कुमार है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, हारून अंसारी, नीरज एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

## ऑक्सब्रीज स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



मांडर। ऑक्सब्रीज स्कूल में आज कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई और हर चरण में छात्रों के ज्ञान, तर्कशक्ति और तेज जवाब देने की क्षमता का परीक्षण किया गया।

इस रोचक प्रतियोगिता में शशि कुमार, जैद अकरम अंसारी, समित गोप, मोहम्मद हसन और सपना कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या ने प्रमाणपत्र और चॉकलेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों का ज्ञानवर्धन करती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामूहिक कार्यशैली को भी मजबूत करती हैं।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भी परिचय दिया।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और अन्य विद्यार्थी भी उपस्थित थे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे भी इस तरह के आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## खरकई नहर प्रमंडल ने आदित्यपुर नगर निगम से मांगा बकाया जल कर

**सरायकेला :** खरकई नहर प्रमंडल (सुवर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना) ने वर्षों से खरकई नदी से पानी लेकर जलापूर्ति कर रहे आदित्यपुर नगर निगम को नोटिस भेजकर जलकर जमा करने को कहा है. खरकई नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता कुमार अरविंद के अनुसार नगर निगम आदित्यपुर पर अब तक (अक्टूबर 2024 तक) कुल जल कर बकाया की राशि 88 लाख 75 हजार 300 रुपये हो चुकी है. जल संसाधन विभाग ने नगर निगम से प्रति लीटर चार रुपये के दर से भुगतान करने को कहा है. विभाग का आकलन है कि नगर निगम ने अब तक खरकई नदी से 21,70, 000 लीटर पानी लिया है. बता दें कि पूर्व में जलापूर्ति का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किया जाता था. जिसने आज तक जल संसाधन विभाग को किसी भी प्रकार का जलकर मद में राशि का भुगतान नहीं किया है. अब पेयजल विभाग से जलापूर्ति का कार्य नगर निगम को हस्तांतरित हो चुका है और नगर निगम आम लोगों से जलकर वसूल रही है तो बकाया भी नगर निगम से ही मांगा जा रहा है. दूसरी तरफ आदित्यपुर की दर्जनों कंपनियों में अवैध रूप से पानी का उपभोग हो रहा है. जिनके द्वारा जल कर मद में किसी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है. जिसके कारण जल कर मद में नगर निगम को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. जानकारी के मुताबिक आदित्यपुर नगर निगम के पास वर्तमान समय में 4,261 वैध कनेक्शन है, जिसमें औद्योगिक उपभोक्ता मात्र 127 हैं.

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में एक सौ लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराया

**ज्योति पाठक**

प्रख्यात स्वर्ण आभूषण व्यवसायी समाज सेवी सह सेन्ट्रल पार्क होटल के संचालक और उनके परिजनों के द्वारा लगाये गये निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में एक सौ लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करायी तथा झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह एवं थायराईड विशेषज्ञ डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता से व्यापक रूप से परामर्श और जानकारी भी लिया। आज स्वास्थ्य जाँच शिविर का उद्घाटन प्रख्यात चिकित्सक डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं किशोर बर्मन एवं उनकी पत्नी उषा बर्मन ने भी संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रख्यात चिकित्सक डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता ने कहा कि चक्रधरपुर के किशोर बर्मन एवं उनके परिजनों के द्वारा इस प्रकार का निःशुल्क जाँच शिविर लगाया जाना काफी बेहतर कार्य है तथा जितने प्रकार की जाँच यहां सहज रूप से की जा रही है इन जांचों को बाहर में कराने पर पांच से छः हजार रुपए की खर्च आने के साथ-साथ समय भी लगेगा। यह बेहतर कार्य श्री बर्मन परिवार के द्वारा किया जाना काफी बेहतर कार्य है। वहीं किशोर बर्मन ने कहा कि यह निःशुल्क जांच शिविर उन लोगों के लिए भी काफी कारगर है जो आर्थिक रूप से कमजोर रहने के फलस्वरूप नहीं करा पाते। एक ही दिन में एक ही स्थल पर जांच और परामर्श सहज रूप से होना एक बेहतर कार्य है। भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे। वहीं श्रीमती उषा बर्मन ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परिजनों के द्वारा चैथी बार आयोजित किया गया है और लोगों की सहभागिता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना ही बर्मन परिवार का उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।







## वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा ने झारखण्ड के प्रख्यात चिकित्सक डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता को किया सम्मानित






मेट्रो रेज संवाददाता

चिकित्सक शब्द का अर्थ ही होता है जीवन रक्षा, मानवहित और जनकल्याण इन सभी शब्दों में झारखण्ड के प्रख्यात लोकप्रिय चिकित्सक डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता का नाम सही अर्थ में हर जगह सटीक दिखाई पड़ता है। उनके द्वारा सरल चिकित्सा, सहज जानकारी और रोग के ईलाज तथा निदान हेतु कारगर जानकारी लोगों के लिए है काफी हितकारी। अति व्यस्तता और चिकित्सा क्षेत्र में जवाबदेही का निर्वहन अपने आप में व्यस्तता का परिचायक है। किन्तु ऐसे कुशल चिकित्सक जो सामाजिक दायित्व के निर्वहन करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए समय निकालते हुए शिविर में पहुंचते हैं और स्वास्थ्य जांच कराने वाले व्यक्तियों की सूधि लेने के साथ-साथ उन्हें समुचित परहेज और ईलाज भी बताते हैं। ऐसे चिकित्सक निश्चित तौर पर लोगों के लिए काफी कारगर और महत्वपूर्ण है तथा आज उनके द्वारा निःशुल्क जांच शिविर में लोगों की सहभागिता को सराहा गया। जांच कराने वाले लोगों को कारगर सलाह और दवाई की आवश्यकता बताते हुए उन्हें राहत पहँचाई। डॉ0 सौम्यसेन गुप्ता झारखण्ड के मधुमेह विशेषज्ञ के साथ-साथ थायराईड के भी कुशल चिकित्सक हैं और अन्य रोगों के बारे में भी इन्हें काफी जानकारी है और उनके द्वारा दी जाने वाली सलाह लोगों के लिए काफी उपयोगी भी है। आज निःशुल्क जांच शिविर में वी.एम. न्यूज के संपादक बिनय मिश्र ने उन्हें सम्मानित किया और कहा कि ऐसे चिकित्सक पर हमें गर्व है।

## तीन माह बाद भी पुलिस पकड़ से दूर नकली अवैध लॉटरी के सरगना, अवैध कारोबार की गति तेज

सरायकेला : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध नकली लॉटरी का गोरखधंधा परवान पर है. बीते जुलाई माह में गैरकानूनी कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद कुछ दिनों के लिए अवैध लॉटरी के धेधे की रफ्तार धीमी पड़ गई थी. जुलाई माह में चांडिल स्टेशन चौक और चांडिल बाजार में चांडिल व नीमडीह थाना की पुलिस द्वारा अवैध लॉटरी के खिलाफ चलाए गए छापामारी अभियान में सात लोग पकड़े गए थे. पकड़ाए लोगों ने अपने-अपने संचालक का नाम भी बताया था. अवैध लॉटरी के खिलाफ हुई कार्रवाई के तीन माह बाद भी अवैध लॉटरी चलाने वाले सरगना पुलिस की पकड़ से दूर हैं. उस वक्त लोगों ने भी अंदेशा जताया था कि हो सकता है राजनीतिक दबाव के कारण इस पर आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते में ना डाल दिया जाए.

गाढ़ी कमाई लुटा रहे लोग

सूत्रों के अनुसार राजनीतिक संरक्षण का ही नतीजा है कि कार्रवाई के माह भर बाद से ही क्षेत्र में तेजी के साथ अवैध नकली लॉटरी का गोरखधंधा दोबारा छा गया. बताया जा रहा है कि जुलाई में हुई कार्रवाई के बाद अब इस गोरखधंधे से जुड़े कारोबारियों की संख्या भी बढ़ गई है. लोगों का कहना है कि इस गोरखधंधे की दलदल में फंसकर युवा वर्ग अपना भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं. गरीब मजदूरों की खून-पसीने की कमाई रातों-रात लखपति बनने की लालच में स्वाहा हो रही है. अवैध नकली लॉटरी के चंगुल में फंसकर युवा वर्ग के अलावा दिहाड़ी मजदूर, दुकानदार, ऑटो चालक, सब्जी बिक्रेता आदि अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं. लोगों का कहना है कि क्या पुलिस-प्रशासन को इसकी खबर नहीं है कि लोग इस काले कारनामे की दलदल में फंस रहे हैं.

गांव-गांव तक पहुंची अवैध लॉटरी

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अबाध रूप से चल रहा लॉटरी का गैरकानूनी धंधा अब सुदूरवर्ती गांव तक भी पहुंच गया है. चौक-चौराहों में तो लॉटरी बेचा जाना अब आम बात है. चांडिल बाजार, स्टेशन चौक, रघुनाथपुर, मुखिया होटल, चौका मोड़ आदि स्थानों में अवैध व नकली लॉटरी जगह-जगह मिलता है, वहीं गांव-गांव में नकली लॉटरी पहुंचने लगी है. अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी से जुड़े लोगों को पुलिस-प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है. अवैध कारोबार के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण गोरखधंधा चलाने वाले कारोबारियों के हौसले परवान पर हैं. बताया जा रहा है कि लॉटरी के इस अवैध धंधे में बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं की भी संलिप्तता है. जिसके कारण इस गोरखधंधे पर लगाम नहीं लगाया जा सकता है.

आखिर चुप क्यों हैं राजनीतिक दल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी के खिलाफ की कार्रवाई को लेकर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, राजनीतिक दलों के नेता चुप क्यों हैं. चुनाव में ईचागढ़ को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का ढींढ़ोरा पीटने वाले आखिर गैर कानूनी लॉटरी पर खामोश क्यों हो जाते हैं.

## ग्रामीणों ने पेड़ काटने का किया विरोध

चान्हो। गणेशपुर रोड के किनारे स्थित एक भूखंड में दर्जनों यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई ने बुधवार को ग्रामीणों को आक्रोशित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल चान्हो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों की कटाई को रोक दिया।

ग्रामीणों का दावा है कि यह भूखंड सरकारी जमीन है, जहां वर्षों पहले सरकारी प्रयासों से लगभग 150 यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन पेड़ों को प्रशासनिक अनुमति के बिना अवैध रूप से काटा जा रहा है।



दूसरी ओर, पेड़ों की कटाई कर रहे पक्ष का कहना है कि जमीन उनकी निजी संपत्ति है और वे वैध तरीके से पेड़ों को हटा रहे हैं।

इस मामले पर चान्हो थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के कारण फिलहाल पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा, जमीन की जांच की जाएगी और तथ्य सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

## स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन ने किया बालमेला का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि आज के दौर में बच्चों का शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहना बेहद जरूररी है ताकि वे आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला कर सकें. उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के बाल मेलों के आयोजन में बच्चों को शारीरिक और मानसिक फिटनेस के साथ ही उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में भी जागरुक किया जाता है. वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में आज बुधवाार को आयोजित बालमेला 2024 में अपने विचार रख रहे थे. यह मेला सिदगोड़ा स्थित चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित किया गया था.







20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस

श्री राय ने कहा कि इस साल चूंकि चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए एक दिन का ही बाल मेला आयोजित हो सका. उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को राष्ट्रीय बाल दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है. उन्होंने बेहद कम समय में एक शानदार आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी. श्री राय ने कहा कि 1954 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस घोषित किया गया और 20 नवंबर 1959 को बाल अधिकार घोषणा पत्र जारी किया गया. तत्पश्चात 1989 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकार समझौता अंगीकृत किया. भारत ने 1992 में बाल अधिकार प्रपत्र पर हस्ताक्षर किया और 2005 में बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम बनाया. बच्चों के सर्वांगीण विकास और सभी बच्चों के लिए समावेशी नीतियों का क्रियान्वयन ही इसका उद्देश्य है.

इन्होंने की आयोजन की सराहना

इसके पूर्व सरयू राय ने ध्वजारोहण किया. आगंतुकों का स्वागत स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया. इस मौके पर पूर्व ओलंपियन भूपिंदर सिंह ने ऐसे आयोजनों को सराहा और कहा कि खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करने की जरूरत है. उन्हें बढ़िया प्लेटफार्म मिला है. इसलिए वो प्रैक्टिस पर फोकस करें. रोज प्रैक्टिस करें. 89 साल के हो चुके पूर्व ओलंपियन एनसी देव ने कहा कि जब 1959 में मैंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था, तब देश की स्थिति अलग थी. आज जब छोटे-छोटे बच्चों को अपने सामने देख रहा रहा हूं तो मुझे मेरा बचपन याद आ रहा है. उन्होंने सभी बच्चों से निरंतर प्रैक्टिस करते रहने की अपील की. लायंस क्लब जमशेदपुर की चेयरपर्सन पूर्वी घोष ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई तो जरूरी है ही, उनका मानसिक और शारीरिक विकास तभी हो सकेगा, जब वे खेल पर फोकस करेंगे. उन्होंने आयोजकों को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी.

बाल मेला को सफल बनाने में इनका योगदान

बाल मेला को सफल बनाने में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी आशुतोष राय, सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह, रिकेंदु रंजन केशरी, अशोक कुमार, राजेश सिन्हा, आदित्य मुखर्जी, विनीत, सन्नी सिंह, आदि ने महती भूमिका निभाई. मंच संचालन वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक श्याम कुमार शर्मा ने किया.

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता

कबड्डी (बालक वर्ग)

प्रथम-बीपीएम, बर्मा माइंस-दूसरा-जुस्को साउथ पार्क, तीसरा-जेवियर पब्लिक स्कूल, छोटा गोविंदपुर.

कबड्डी (बालिका वर्ग)

प्रथम-हरिजन मध्य विद्यालय, भालूबाशा, दूसरा-बीपीएम बमार्माइंस, तीसरा-पीपुल्स एकेडमी बाराद्वारी.

मटकी दौड़ (सीनियर बालिका वर्ग)

प्रथम-नेहा कुमारी, जेवियर पब्लिक स्कू, दूसरा-शर्मिष्ठा सिंह, इनकैब केपीएस, तीसरा-प्रिया श्रीवास्तव, जेवियर पब्लिक स्कूल.

एक पैर की दौड़ (बालिका वर्ग)

प्रथम-अंकिता मोहंती, जुस्को स्कूल, साउथ पार्क, दूसरा-श्रेया कुमारी, एनएचईएस, तीसरा-खुशबू कुमारी, हरिजन स्कूल भालूबाशा.

एक पैर की दौड़ (बालक वर्ग)

प्रथम-हिमांशु कुमार, जेवियर पब्लिक स्कूल, दूसरा-दिनेश सिंह, विवेक विद्यालय, तीसरा-युवराज रविदास, बीणापाणि पाठशाला.

गोला फेंक (सीनियर ब्वॉयज)

प्रथम-आर्यन कुमार, विवेक विद्यालय, दूसरा-ऋषभ पांडेय, विवेक विद्यालय, तीसरा-अश्विनी सिंह, नेताजी हाईस्कूल.

बास्केटबॉल (बालिका वर्ग)

प्रथम-एलआईएस स्कूल, टेल्को, दूसरा-आरकेएमएस, सिदगोड़ा, तीसरा-बीएसएसपीसीडब्ल्यू, सोनारी.

बास्केटबॉल (बालक वर्ग)

प्रथम-आरकेएमएस, सिदगोड़ा, दूसरा-एसडीएसएम, तीसरा-एलआईएस, टेल्को.

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

प्रथम-स्मृति शाहा, दूसरा-चीना मोहंती, तीसरा-पुष्पा कुमारी.

50 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग)

प्रथम-सोनम कुमारी, हरिजन स्कूल, भालूबाशा, दूसरा-बेला महतो, पीपुल्स एकेडमी, बाराद्वारी, तीसरा-राधा कुमारी, हरिजन स्कूल, भालूबासा.

50 मीटर दौड़ (बालक वर्ग)

प्रथम-घनश्याम गोरसोड़ा, इनकैब केपीएस स्कूल, दूसरा-अंशु कुमार, विवेक विद्यालय, तीसरा-अनुराग यादव, एमएस हरिजन स्कूल, भालूबासा.